

दैनिक नर्मदापुरम् जिले का प्रथम दैनिक K✌K

RNI No.61546/95

# क्षितिज ✌ किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

नर्मदापुरम् संभाग सीहोर जिले एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा | वर्ष-31 अंक-67 | नर्मदापुरम (होशंगाबाद) शनिवार 19 अप्रैल 2025 | पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये | सम्पादक- कृष्णाकान्त सक्सेना

## दिल्ली के सामने नहीं झुकेगा तमिलनाडु, हम कंट्रोल से बाहर...

### -स्टालिन का अमित शाह पर निशाना



चेन्नई (ए)। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पर निशाना साधते हुए कहा कि नीट, तीन-भाषा पॉलिसी, वक्फ संशोधन कानून और परिसीमन जैसे मुद्दों पर सवाल उठाना ध्यान भटकाने की कोशिश नहीं, बल्कि राज्यों के अधिकारों की लड़ाई है। उन्होंने अमित शाह को चुनौती देते हुए कहा कि अगर डीएमके वास्तव में ध्यान भटकाने का प्रयास कर रही है, तो अमित शाह को इन मुद्दों पर तमिलनाडु की जनता को स्पष्ट जवाब देना चाहिए।स्टालिन ने एक सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान कहा कि चाहे वह नीट हो या तीन-भाषा नीति, या फिर वक्फ कानून संशोधन और परिसीमन का मसला इन सभी पर सिर्फ हम ही मुखर हैं। क्या राज्यों के अधिकारों की मांग करना गलत है? उन्होंने यह भी कहा कि तमिलनाडु सिर्फ अपने लिए नहीं, बल्कि पूरे देश के राज्यों के अधिकारों की बात कर रहा है। स्टालिन ने कहा कि सिर्फ अमित शाह ही नहीं, बल्कि कोई भी शाह तमिलनाडु पर राज नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि कहा तमिलनाडु दिल्ली के कंट्रोल से बाहर है। साथ ही कहा कि हम आपके द्वारा कानूनी रूप से पैदा की गई सभी बाधाओं को तोड़ देंगे। 2026 में केवल द्रविड़ मॉडल की सरकार बनेगी कार्यक्रम के दौरान सीएम स्टालिन ने कहा कि अमित शाह कहते हैं कि वे 2026 में यहां सरकार बनाएंगे, लेकिन मैं उन्हें चुनौती देता हूं कि तमिलनाडु दिल्ली के सामने नहीं झुकेगा। छापेमारी करने, पार्टियों को तोड़ने और सरकार बनाने का आपका फॉर्मूला तमिलनाडु में काम नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि 2026 में केवल द्रविड़ मॉडल की सरकार बनेगी, हम दिल्ली के लिए हमेशा नियंत्रण से बाहर हैं। क्या आप (बीजेपी) यहां किसी को धमकाकर और गठबंधन बनाकर जीत सकते हैं? आप जिसे लाने चाहें ला सकते हैं, हम भी देखते हैं। स्टालिन ने कहा कि मैं पूछना चाहता हूं कि आपने तमिल का अपमान कैसे किया? क्या केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने तमिल को असभ्य नहीं कहा था और क्या इसके लिए उन्होंने माफ़ी नहीं? इससे पहले एक अन्य केंद्रीय मंत्री ने तमिल को बम विस्फोटों में शामिल बताया और क्या माफ़ी मांगी? क्या आपने (अमित शाह) और प्रधानमंत्री ने ओडिशा में ये नहीं कहा था कि पुरी जगन्नाथ मंदिर की चाबियां चुरा ली गई हैं और तमिलनाडु में छिपा दी गई हैं? स्टालिन ने कहा कि आपने फूट डालो और राज करो नीति अपनाई। जबकि एक तमिल आईएएस अधिकारी नवीन पटनायक के साथ थे और पूछ रहे थे कि तमिल कैसे ओडिशा पर शासन कर सकता है?



*शहजादा हुसैन बुरहानुद्दीन के नेतृत्व में दाऊदी बोहरा समुदाय के सदस्यों ने नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की।*

## कानपुर एयरपोर्ट पर बम की अफवाह से हड़कंप, दो घंटे की जांच और आरोपी गिरफ्तार

कानपुर (आरएनएस)। कानपुर के चकेरी एयरपोर्ट पर शुक्रवार को बम की अफवाह से हड़कंप मच गया। घटना तब हुई जब किसी सिरफिरे ने फोन करके एयरपोर्ट अधिकारियों को जानकारी दी कि एयरपोर्ट पर एक 72-सीटर हवाई जहाज में बम रखा गया है।यह जानकारी मिलते ही एयरपोर्ट प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियों ने तत्काल सक्रियता दिखाई। एयरपोर्ट पर तुरंत सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद कर दिया गया और एयरपोर्ट के हर कोने को खंगालने की कार्रवाई शुरू कर दी गई।जांच के दौरान यह बात सामने आई कि कानपुर एयरपोर्ट पर सामान्यत: 72 सीटर हवाई जहाजों का संचालन नहीं होता है, जिससे बम की सूचना के होने की संभावना पर सवाल उठने लगे।हालांकि, पूरे एयरपोर्ट परिसर को सुरक्षा बलों ने सर्च किया, ताकि किसी भी प्रकार के खतरे से बचा जा सके।बम की अफवाह को लेकर पुलिस ने चकेरी थाने में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया और जांच शुरू की। इसी बीच, पुलिस ने मामले में सख्ती से कार्रवाई करते हुए सिरफिरे की पहचान करने के लिए मोबाइल सर्विलांस का सहारा लिया।

## DOLO 650 दवा को टॉफी की तरह खा रहे भारतीय, अमेरिकी डॉक्टर ने दी चेतावनी

नई दिल्ली (आरएनएस)। दवा डोलो 650 हाल के सालों में भारत में सबसे लोकप्रिय हो गया है। इसकी खपत भी काफी बढ़ गई है। भारतीयों की इसी आदत





को अमेरिका में रहने वाले गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट डॉ. पलानीअप्पन मनिकम ने एक ट्वीट के जरिए उजागर किया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा, "भारतीय डोलो 650 को कैडबरी जेम्स की तरह लेते हैं।" इस एक ट्वीट पर लाखों री-ट्वीट हो चुके हैं और सोशल मीडिया पर बहस गर्म हो गई है।अमेरिका के डॉक्टर पलनियप्पन मणिक्कम का एक ट्वीट काफी तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें उन्होंने कहा है "भारतीय डोलो-650 को कैडबरी जेम्स की तरह खाते हैं।" यह सुनने में मजाक जैसा लग सकता है, लेकिन इसने एक बहुत गंभीर मुद्दे की ओर इशारा किया है- वह है भारत की पिल-पॉपिंग आदत, यानी जरूरत हो या न हो, बस गोली खा लो बता दें कि डोलो-650 को माइक्रो लैब्स बनाता है ।

## गांधीसागर अभयारण्य की जलवायु चीतों के लिए अनुकूल, 20 अप्रैल को छोड़े जाएंगे चीते : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

### चीतों के दीदार के लिए कूनो आने वाले पर्यटकों को जल्द मिलेगी रोड-टू-एयर कनेक्टिविटी

भोपाल (निप्र) मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि इको सिस्टम के प्रॉपर डेवलपमेंट के लिए मध्यप्रदेश में वृहद स्तर पर काम हो रहा है। वन्य पर्यटन हमारी अर्थव्यवस्था को गति देता है और अब यही हमारी समृद्धि का प्रवेश द्वार बन रहा है। हमारी सरकार कूनो राष्ट्रीय उद्यान को एक आदर्श वन्य प्राणी पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करेगी। प्रदेश में सिर्फ कूनो ही नहीं, अब मंदसौर जिले का गांधीसागर अभयारण्य भी चीतों से गुलजार होगा। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार के सहयोग से आगामी 20 अप्रैल को गांधी सागर अभयारण्य में चीते छोड़े जाएंगे। कड़ी



सुरक्षा में कूनो नेशनल पार्क से 2 चीते शिफ्ट कर गांधीसागर अभयारण्य में ले जाये जायेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कूनो नेशनल पार्क में पर्यटन तेजी से बढ़े, इसके लिए मध्यप्रदेश सरकार ग्वालियर से कूनो के लिए डायरेक्ट रोड और एयर कनेक्टिविटी भी विकसित करने पर गंभीरता से विचार कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव के साथ मध्यप्रदेश में चीता प्रोजेक्ट के क्रियान्वयन संबंधी समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अधिकारियों द्वारा यह जानकारी दिए जाने पर हर्ष व्यक्त किया कि भारत (मध्यप्रदेश) में जन्में चीता शावकों की जीवन प्रत्याशा (सर्वाइवल रेट) पूरे विश्व में सर्वाधिक है।

## सैलरी मांगने पर कर्मचारियों से हैवानियत, बिजली के झटके दिए, नाखून भी उखाड़े; फिर ऐसे बची जान



भीलवाड़ा (आरएनएस)। राजस्थान के भीलवाड़ा जिले से रोजगार की तलाश में छत्तीसगढ़ गए दो चचेरे भाइयों के साथ अमानवीय क्रूरता और फिरौती वसूलने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पीड़ितों का आरोप है कि सैलरी मांगने पर उन्हें बेरहमी से पीटा गया, कपड़े उतरवाकर बिजली के करंट लगाए गए, नाखून उखाड़े गए और परिजनों से फिरौती वसूलने के बाद ही उन्हें छोड़ा गया। इस घटना के बाद भी आरोपियों ने भीलवाड़ा आकर उन्हें धमकाया। स्थानीय पुलिस पर शिकायत न सुनने का आरोप लगाते हुए पीड़ित युवकों ने गुरुवार को भीलवाड़ा एसपी से मिलकर न्याय की गुहार लगाई है।

पीड़ित मुकेश और विनोद नामक चचेरे भाई 12 फरवरी को छत्तीसगढ़ के कोरबा शहर पहुंचे थे। गांव के ही एक परिचित के माध्यम से उनकी मुलाकात छोटू गुर्जर (निवासी भैरूखेड़ा, शंभूगढ़) और मुकेश शर्मा (निवासी चित्तौड़गढ़) से हुई थी। इन लोगों ने दोनों भाइयों को आइसक्रीम बेचने की नौकरी दिलाने का झांसा दिया था।

करीब दो महीने तक काम कराने के बाद जब दोनों भाइयों ने अपनी मेहनत की सैलरी मांगी, तो नियोक्ताओं ने उन्हें पैसे देने के बजाय एक गोदाम में बंद कर दिया और अमानवीय तरीके से प्रताड़ित करना शुरू कर दिया।14 अप्रैल की रात को क्रूरता की हदें पार कर दी गईं। पीड़ितों का आरोप है कि उन्हें कपड़े उतरवाकर बिजली के तारों से करंट लगाया गया, प्लास से उनके नाखून उखाड़े गए और उन्हें बुरी तरह गालियां दी गईं। आरोपी यहीं नहीं रुके, उन्होंने पूरे टॉर्चर का वीडियो बनाया और डर पैदा करने के लिए उसे पीड़ितों के परिजनों को भेजा।

## एक मई से नहीं लागू होगा सैटेलाइट आधारित टोलिंग सिस्टम, केंद्र ने जारी किया स्पष्टीकरण

नई दिल्ली ,(आरएनएस)। केंद्र सरकार ने शुक्रवार को स्पष्टीकरण जारी करते हुए उन रिपोर्ट्स को खारिज कर दिया, जिसमें एक मई से राष्ट्रीय स्तर पर सैटेलाइट आधारित टोलिंग सिस्टम लागू करने की बात कही गई थी। सड़क, परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा जारी बयान में कहा गया कि कुछ मीडिया हाउस की रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि एक मई से राष्ट्रीय स्तर पर सैटेलाइट आधारित टोलिंग सिस्टम लागू हो जाएगा और यह मौजूदा फास्टैग आधारित टोल कलेक्शन सिस्टम को रिप्लेस करेगा।

मंत्रालय ने आगे कहा, हम यह स्पष्ट करना चाहते हैं कि सड़क, परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय या भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) द्वारा सैटेलाइट आधारित टोलिंग सिस्टम एक मई से लागू करने को लेकर कोई फैसला नहीं लिया गया है।

## अरविंद केजरीवाल की बेटी संभव जैन संग विवाह बंधन में बंधीं



नई दिल्ली (आरएनएस)। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की बेटी हर्षिता केजरीवाल शुक्रवार को विवाह बंधन में बंध गईं। उन्होंने संभव जैन के साथ दिल्ली में सात फेरे लिए। यह शादी समारोह सादगीपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। हर्षिता और संभव जैन का विवाह समारोह दिल्ली के कपूरथला हाउस में आयोजित किया गया, जहां उन्होंने पारंपरिक रीति-रिवाज से सात फेरे लिए।

इससे पहले, 17 अप्रैल को दिल्ली के शंगरीला होटल में मेहंदी और अन्य प्री-वेडिंग रस्मों का आयोजन किया गया था। इन कार्यक्रमों में सीमित संख्या में ही लोग शामिल हुए थे, जिनमें पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया प्रमुख रूप से मौजूद रहे। विवाह के बाद, अब 20 अप्रैल को रिसेप्शन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।हर्षिता केजरीवाल और संभव जैन ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (IIT) में साथ में पढ़ाई की है। दोनों ने कुछ ही महीने पहले मिलकर एक स्टार्टअप भी शुरू किया है।शादी से पहले शंगरीला होटल में हुई मेहंदी व अन्य रस्मों के दौरान अरविंद केजरीवाल और उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल ने डांस भी किया।





## चक्रवाती तूफान ने ले ली पाँच की जान, दर्जन भर घायल

### -तूफान में ट्राली पलटने से तीन की मौत, दीवाल गिरने से दो की मौत

सोहावल-अयोध्या (आरएनएस )। बृहस्पतिवार की शाम को आये तूफान तेज हवा व आँधी ने पाँच महिलाओं की जान ले ली। जनपद की सोहावल तहसील क्षेत्र के महोली मजरे सैदपुर गांव निवासी ललिता 22 वर्ष पूजा 19 वर्ष पुत्री जल्ला ट्राली पर भूसा लाने के लिए गयी थीं। कमला पत्नी राजेंद्र कुमार उम्र 28 वर्ष गेहूं काटने खेत में गई थी।आंधी आने पर एक ट्रैक्टर ट्राली के नीचे छिप गयी। आंधी की वजह से ट्राली उनके ऊपर पलट गयी। ग्रामीणों ने उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रुदौली भेजवाया। जहां पर चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। दूसरी घटना हाजीपुर मजरे गंज की है। जहाँ सुशील कुमार व उनकी पत्नी ओला से बचाने के लिए मैदान में बंधी भैंस को छप्पर में बांधने गये। तेज आंधी से एक पेड़ टूटकर बगल में बनी ईंट की दीवाल पर गिरी जिसकी चपेट में आकर सुशील कुमार की पत्नी गीता देवी उम्र लगभग 60 वर्ष की मौत हो गयी।जबकि सुशील गम्भीर रूप से घायल हो गये। दबने से भैंस की भी मौत हो गयी। तीसरी घटना तहसील क्षेत्र के ही तहसीनपुर के मजरे पूरे जिग्ना मिश्र की है। यहां किसान यूनियन के नेता अधिवक्ता नकुल पांडेय के अनुसार धन्नीपुर बुधौलिया निवासी दीपा यादव उम्र करीब 32 वर्ष जो कि जिगना मिश्र का पुरवा गाँव में गेहूँ काटने आई थी। अचानक आई तेज आँधी के कारण खुद को बचाने के लिये वह गाँव निवासी प्रदीप मिश्रा के चद्दर के नीचे छुप गयी। साथ में पहले से शुभम तिवारी नाम का एक बच्चा भी छुपा था। दीपा टीन शेड के नीचे छुपी ही थी कि तभी दीवाल सहित टीन उसके ऊपर गिर पड़ी। जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

## तेजस्वी को इंडी अलायंस में मिली नई जिम्मेदारी, केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी बोले लॉलीपॉप थमा दिया गया



पटना , (आरएनएस)। हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) के नेता और केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी ने इंडिया गठबंधन की बैठक में तेजस्वी यादव को समन्वय समिति का नेता चुने जाने पर सवाल उठाए। उनके चयन को लॉलीपॉप बताया।मीडिया से बातचीत में मांझी ने दावा किया कि गठबंधन में एकता की कमी है और सभी नेता खुद को प्रधानमंत्री पद का चेहरा मान रहे हैं। उन्होंने इसे सत्ता की लड़ाई करार देते हुए कहा कि एनडीए में कुर्सी की ऐसी लड़ाई नहीं है, बल्कि विकास पर ध्यान है।मांझी ने कहा कि इंडिया गठबंधन की पिछली बैठक में भी समन्वय समिति के लिए नेता चुना गया था, जिसे प्रधानमंत्री पद का दावेदार माना गया।उन्होंने तेजस्वी के चयन पर कहा, उन्हें लॉलीपॉप थमा दिया गया है। गठबंधन में नेतृत्व को लेकर आपसी मतभेद साफ दिख रहे हैं। बिहार की जनता तेजस्वी को गठबंधन का नेता नहीं मानेगी।वहीं, पश्चिम बंगाल की स्थिति पर बोलते हुए मांझी ने ममता बनर्जी की सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि वहां कानून-व्यवस्था की स्थिति खराब है और राज्य सरकार अपनी जिम्मेदारी नहीं निभा रही। ममता बनर्जी उन लोगों का साथ दे रही हैं, जो गड़बड़ी फैला रहे हैं। उन्होंने केंद्र सरकार से मांग की कि वह पश्चिम बंगाल में संवैधानिक मूल्यों के उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई करे।

## महिला से छेड़छाड़ के बाद अधेड़ ने बीच सड़क काट लिया अपना गला, अस्पताल में मौत

जयपुर (आरएनएस)। राजस्थान की राजधानी जयपुर के झोटवाड़ा थाना इलाके में शुक्रवार को उस समय सनसनी फैल गई, जब छेड़छाड़ के आरोप में पकड़े गए एक व्यक्ति ने दिनदहाड़े बीच सड़क पर धारदार हथियार से अपना गला काट लिया। गंभीर रूप से घायल व्यक्ति की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई।घटना जोशी मार्ग पर हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, एक अधेड़ उम्र का व्यक्ति एक महिला के साथ सरेराह अश्लील हरकतें कर रहा था। यह देख आस-पास मौजूद लोगों ने उसे पकड़ने का प्रयास किया। भीड़ से खुद को घिरा देखकर आरोपी घबरा गया और उसने अचानक अपनी जेब से एक धारदार हथियार निकाला और तत्काल अपने गले पर वार कर दिया।अचानक हुई इस घटना से मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही झोटवाड़ा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को पास के कांवटिया अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।मृतक की पहचान जोशी मार्ग निवासी करीब 50 वर्षीय आनंद के रूप में हुई है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, आनंद कुछ दिन पहले ही जेल से छूटा था। प्राथमिक जांच में उसके आपराधिक पृष्ठभूमि का भी पता चला है और उसके खिलाफ पहले भी कई मामले दर्ज थे।

## 7 बच्चों की मां 20 साल के प्रेमी से निकाह पर अड़ी, मिस कॉल पर हुआ था प्यार

मेरठ (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले के सरधना क्षेत्र में एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां सात बच्चों की मां एक अधेड़ महिला अपने से काफी छोटे, महज 20 साल के एक युवक से निकाह करने की जिद पर अड़ गई और गुरुवार सुबह अपने बच्चों को लेकर युवक के घर के बाहर धरने पर बैठ गई। इस मामले में युवक ने महिला पर ब्लैकमेलिंग, पैसों के लिए परेशान करने और यहां तक कि जानलेवा हमला करने जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं, जिससे पूरा मामला और पेचीदा हो गया है।सरधना के धर्मपुरा निवासी नाजरीन ने बताया कि करीब एक साल पहले एक मिस्ड कॉल के ज़रिए उसकी मुलाकात फतेहउल्लापुर निवासी साहिल से हुई थी। धीरे-धीरे दोनों के बीच बातचीत शुरू हुई और यह प्रेम प्रसंग में बदल गया। नाजरीन का कहना है कि साहिल उसके घर आने-जाने लगा था, लेकिन पिछले आठ दिनों से न तो वह उसका फोन उठा रहा है और न ही उससे मिलने आ रहा है। इसी बात से नाराज़ होकर नाजरीन गुरुवार सुबह अपने सातों बच्चों को साथ लेकर साहिल के घर पहुंच गई और उससे निकाह करने की मांग पर अड़कर धरने पर बैठ गई। इस बीच, मामला बढ़ता देख युवक साहिल खुद एसएसपी कार्यालय पहुंचा। उसने एसएसपी को एक लिखित प्रार्थना पत्र देकर नाजरीन पर कई गंभीर आरोप लगाए।



## मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में सौजन्य भेंट की



भोपाल (आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉक्टर यादव ने पुष्प गुच्छ, अंग वस्त्रम और राजा भोज की मूर्ति भेंट कर थल सेना प्रमुख श्री द्विवेदी का स्वागत किया। मुख्यमंत्री डॉक्टर यादव को श्री द्विवेदी ने मणिपुरी शैली में निर्मित राधा कृष्ण की प्रतिकृति भेंट की। लेफ्टिनेंट जनरल पी .पी. सिंह तथा मेजर जनरल सुमित साथ थे।

## एयर होस्टेस की कार नहर में गिरी, मौत

भोपाल (आरएनएस)। गुरुवार रात एक तेज रफ्तार कार की कोलार नहर में गिर गई। हादसे में एअर इंडिया की एयर होस्टेस हर्षिता शर्मा (21) की मौत हो गई। वह अपने दो दोस्तों के साथ घूमने निकली थी। कार चला रहे दोस्त जय ने बताया कि सामने अचानक गाय आ गई, जिसे बचाने की कोशिश में कार बेकाबू होर नहर में जा गिरी।

हर्षिता को गंभीर हालत में एक निजी हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां शुक्रवार सुबह उसकी मौत हो गई। हादसे में दो दोस्तों को मामूली चोटें आई हैं। पुलिस ने गाड़ी चला रहे जय के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का केस दर्ज किया है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद धाराएं बढ़ाई जा सकती हैं। हर्षिता के पिता प्रदीप शर्मा ने बताया कि वह अक्सर शहर से बाहर रहती थी। बुधवार रात उसने भाई को वॉट्सऐप पर बताया था कि शुक्रवार को भोपाल आ रही है। हमें नहीं पता था कि वह गुरुवार को ही भोपाल पहुंच गई थी। वह मिनाल रेसीडेंसी के पास होटल में रुकी थी।परिजन को हादसे की जानकारी तब मिली, जब हर्षिता की दोस्त शिवानी का कॉल आया कि वह अस्पताल में भर्ती है। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने बताया कि हर्षिता ब्रेन डेड हो चुकी है। शुक्रवार सुबह उसे मृत घोषित कर दिया गया।

## मंत्री श्री विजयवर्गीय की अपील...'मेरे जन्मदिवस पर पोस्टर-बैनर नहीं लगाएं, गौसेवा करें'

भोपाल (आरएनएस)। मध्यप्रदेश के नगरीय विकास एवं आवास तथा संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय जी ने अपने जन्मदिवस के अवसर पर कार्यकर्ताओं और शुभचिंतकों से विशेष अपील की है। उन्होंने वीडियो संदेश जारी कर आग्रह किया है कि आगामी 30 अप्रैल को उनके जन्मदिवस पर शहर में बैनर, पोस्टर और होर्डिंग्स नहीं लगाए जाएं। श्री विजयवर्गीय ने अपने संदेश में कहा, आप सभी मेरे हृदय में बसते हैं। दीवारों पर तस्वीरें लगाने की कोई आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि जो राशि पोस्टर और बैनर पर खर्च कर रहे हैं, उसे गौसेवा में लगाना अधिक पुण्य का कार्य होगा। उन्होंने इंदौर स्थित पितृ पर्वत गौशाला, श्रीश्री विद्याधाम गौशाला एवं साईं बाबा मंदिर के समीप स्थित गौशाला सहित शहर की अन्य गौशालाओं में दान करने का अनुरोध किया।अपने संदेश में मंत्री श्री विजयवर्गीय जी ने यह भी कहा कि शहर की स्वच्छता हम सबकी जिम्मेदारी है और अनावश्यक पोस्टर-बैनर लगाने से शहर का सौंदर्य बिगड़ता है। शहर को स्वच्छ बनाए रखने के लिए जरूरी है कि ऐसे प्रचार के माध्यमों से बचा जाए। गौरतलब है कि मंत्री श्री विजयवर्गीय का तिथि अनुसार जन्मदिवस 30 अप्रैल 2025 को है और इसे लेकर इंदौर सहित अन्य स्थानों पर कार्यकर्ताओं में उत्साह है। इसी क्रम में कई स्थानों पर बैनर और पोस्टर लगाए जा रहे थे, जिसे देखते हुए मंत्री श्री विजयवर्गीय जी ने यह भावनात्मक अपील की है। उनकी यह पहल न केवल सामाजिक उत्तरदायित्व का उदाहरण है, बल्कि पर्यावरण और गौसेवा के प्रति भी उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

# वन प्रबंधन में औपनिवेशिक सोच से मुक्त होना जरूरी : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

–वन क्षेत्र में विद्यमान जनजातीय समुदाय के आस्था स्थलों का होगा संरक्षण

–नदियों का प्रवाह बनाए रखने के लिए प्रदेश के वनों का राष्ट्रीय स्तर पर संरक्षण आवश्यक

भोपाल (आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि वन, आजीविका से सम्बद्ध विषय है। जनजातीय क्षेत्र में अपार वन संपदा उपलब्ध है। इसके प्रबंधन में ध्यान रखना होगा कि विकास से जनजातीय वर्ग के हित प्रभावित न हो। भारतीय जीवन पद्धति वनों पर आधारित रही है। वनों के प्रबंधन में औपनिवेशिक सोच से मुक्त होने की आवश्यकता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विरासत से विकास और प्रकृति को जोड़ते हुए प्रगति और प्रकृति में सामंजस्य स्थापित कर आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त किया है। पेसा एक्ट इसी दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि जीवन का आनंद समग्रता में है, और प्रकृति आधारित जीवन जीने से कई समस्याओं का समाधान स्वत: ही हो जाता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव जनजातीय क्षेत्रों में वन पुनर्स्थापना, जलवायु परिवर्तन और समुदाय आधारित आजीविका पर प्रशासन अकादमी में राष्ट्रीय कार्यशाला के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव तथा केन्द्रीय वन, पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने दीप प्रज्ज्वलित कर तथा भगवान बिरसा मुंडा और वीरांगना रानी दुर्गावती के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यशाला का शुभारंभ किया। प्रदेश के महिला बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया, केन्द्रीय जनजातीय कार्य राज्य मंत्री दुर्गादास उईके भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश में वनों की स्थिति में सुधार और वन प्रबंधन में नवाचार के लिए के लिए वन विभाग को बधाई दी। उन्होंने कहा कि वन्य जीवों के संरक्षण से इको सिस्टम बेहतर हो रहा है। प्रधानमंत्री श्री मोदी की पहल पर चीतों का पुनर्स्थापना हो पाया है। उन्होंने किंग कोबरा सहित रैप्टाइल्स की प्रजातियों के संरक्षण के लिए भी व्यवस्था विकसित करने की आवश्यकता जताते



हुए कहा कि इससे सर्पदंश की घटनाओं में कमी आएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वन क्षेत्र में विद्यमान जनजातीय समुदाय के पूजा और आस्था स्थलों के संरक्षण के लिए उचित व्यवस्था की जाएगी। आवश्यकता होने पर केंद्र शासन से भी सहयोग प्राप्त किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्य प्रदेश वन की दृष्टि से बहुत संपन्न है। प्रदेश में यद्यपि कोई ग्लेशियर नहीं है, किन्तु प्राकृतिक रूप से वनों से निकलने वाली जल राशि से ही प्रदेश से निकलने वाली बड़ी नदियां आकार लेती हैं। मध्यप्रदेश से निकली सोन, केन, बेतवा, नर्मदा नदियां देश के कई राज्यों में जल से जीवन पहुंचा रही हैं। बिहार, गुजरात और उत्तर प्रदेश की प्रगति में प्रदेश के वनों से निकले इस जल का महत्वपूर्ण योगदान है। इस दृष्टि से मध्यप्रदेश के वन, पूरे देश के वन हैं। इन नदियों के संरक्षण और उनके निर्मल अविरल प्रवाह को बनाए रखने के लिए मध्यप्रदेश के वनों का संरक्षण और संवर्धन महत्वपूर्ण है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नर्मदा समग्र के माध्यम से नर्मदा नदी के संरक्षण के लिए कार्य किया जा रहा है। अन्य नदियों पर भी कार्य किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने केन-बेतवा नदी जोड़ो परियोजना तथा पार्वती-कालीसिंध-चंबल (पीकेसी) लिंक परियोजना के लिए प्रधानमंत्री श्री मोदी का आभार माना। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं से प्रदेश के बड़े क्षेत्र में पेयजल की उपलब्धता और सिंचाई सुविधा सुनिश्चित होगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जल जीवों के संरक्षण पर कार्य करने की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश ने वन्य प्राणियों के संरक्षण में विशेष पहचान बनाई है। उन्होंने प्रवासी पक्षियों पर केंद्रित अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित करने की आवश्यकता बताई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वन संरक्षण के साथ-साथ आजीविका को सरल और सुलभ बनाने के लिए आयोजित कार्यशाला की सफलता की कामना करते हुए कहा कि जनजातीय क्षेत्रों की सामाजिक-आर्थिक प्रगति के साथ-साथ वन-पर्यावरण के संरक्षण में भी यह कार्यशाला उपयोगी सिद्ध होगी। केन्द्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री यादव ने कहा कि हमें प्रकृति के संरक्षण के लिए समुदाय आधारित योजनाएं तैयार करने की जरूरत है। केन्द्रीय मंत्री श्री यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी प्रकृति के संरक्षण के लिए एनवायरमेंट फ्रेंडली लाइफ पर ध्यान देने के लिए जनता को निरंतर प्रेरित कर रहे हैं। पृथ्वी पर निवासरत प्रत्येक व्यक्ति को ऊर्जा, अन्न और जल को सुरक्षित रखना होगा। पर्यावरण संरक्षण में सॉलिड वेस्ट और ई-वेस्ट मैनेजमेंट बड़ी चुनौती हैं। प्लास्टिक के उपयोग को कम करना और स्वस्थ जीवन शैली अपनाना आवश्यक है।

## विकास कार्यों में लापरवाही नहीं चलेगी, अधिकारियों को समय पर करना होगा पूरा काम

भोपाल (आरएनएस)। पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कृष्णा गौर ने कहा कि विकास कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त की जाएगी। अधिकारियों को समय पर काम करना होगा। मंत्री गौर ने अधिकारियों द्वारा लंबे समय तक फाइल अटकाने पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त की। राज्य मंत्री गौर ने शुक्रवार को वार्ड-61 का औचक निरीक्षण कर रहवासियों की समस्याएं सुनीं और मौके पर ही उनका निराकरण किया। राज्य मंत्री गौर ने भ्रमण के दौरान कहा कि नागरिक सुविधाओं के स्थायी समाधान के लिए हम संकल्पित हैं। हमारा निरंतर प्रयास है कि क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं की कोई कमी नहीं रहे, इसके लिए आवश्यक कार्य किए जा रहे हैं। मंत्री गौर को गोविंदपुरा स्थानीय रहवासियों ने पेयजल से जुड़ी कुछ परेशानियाँ बताईं। उन्होंने पानी का प्रेशर कम होना और निर्धारित समय से कम अवधि तक पानी मिलने की शिकायत की। मंत्री गौर ने अधिकारियों को पाइपलाइन का प्रेशर ठीक करने, पानी लाइन नेटवर्क को दुरुस्त करने और जल आपूर्ति की समय सीमा बढ़ाने के निर्देश दिए।

## डंडे से पीट-पीटकर युवक की हत्या

भोपाल(आरएनएस)।बैरसिया में गुरुवार रात एक मजदूर की लाठी-डंडे से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। शराब पार्टी के दौरान हुए विवाद के बाद आधा दर्जन युवकों ने उसे पीटा था। आरोपी और मृतक आपस में रिश्तेदार हैं। फिलहाल



एक भी आरोपी की गिरफ्तारी पुलिस नहीं कर सकी है। घटना गुरुवार रात की है। शुक्रवार सुबह पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। थाना प्रभारी अरुण कुमार शर्मा ने बताया कि धनेश्वर यादव (50) मूलत: बिहार का रहने वाला था। फिलहाल वह ग्राम बवचिया थाना बैरसिया स्थित एक वेयर हाउस में पल्लेदारी का काम करता था। उसका रिश्तेदार रंजीत यादव भी बिहार का रहने वाला है और पास के दूसरे गांव में स्थित वेयर हाउस पर काम करता है। गुरुवार रात रंजीत अपने चार-पांच साथियों को लेकर धनेश्वर यादव के पास पार्टी करने पहुंचा था। यहां उनके बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। इस पर रंजीत ने अपने साथियों के साथ मिलकर धनेश्वर की लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। धनेश्वर को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया था, जहां शुक्रवार सुबह उसने दम तोड़ दिया। आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस ने बताया कि झगड़े की सूचना के बाद पुलिस अस्पताल पहुंची थी, लेकिन तब तक घायल धनेश्वर की मौत हो गई थी। उस पर हमला करने वाले आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की अलग-अलग टीमें लगाई गई हैं। आरोपी रंजीत और उसके साथियों की गिरफ्तारी के बाद ही घटना के सही कारणों का खुलासा हो पाएगाउस पर हमला करने वाले आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की अलग-अलग टीमें लगाई गई हैं। आरोपी रंजीत और उसके साथियों की गिरफ्तारी के बाद ही घटना के सही कारणों का खुलासा हो पाएगा

# प्रदेश में चावल के परिवहन एवं भंडारण की गुणवत्ता की होगी कड़ी निगरानी

भोपाल (आरएनएस)। प्रदेश के विभिन्न जिलों के मध्य रेक/एलआरटी के माध्यम से चावल का परिवहन एक निरंतर प्रक्रिया है, जो सार्वजनिक वितरण प्रणाली के संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इस प्रक्रिया की पारदर्शिता, गुणवत्ता और मानक संचालन प्रक्रिया के अनुरूप क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने अधिकारियों को निर्देशित किया है। मंत्री श्री राजपूत ने अपर मुख्य सचिव खाद्य श्रीमती रश्मि अरुण शमी को कहा है कि पूर्व में जारी मानक संचालन प्रक्रिया के अनुपालन की जमीनी स्थिति की व्यापक समीक्षा की जाए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि यदि एसओपी के पालन में प्रेषण अथवा प्राप्तकर्ता जिलों द्वारा किसी भी प्रकार की लापरवाही होती है, तो इससे अमानक गुणवत्ता के चावल के जमा होने की संभावना बन सकती है। इससे न केवल उपभोक्ताओं को नुकसान हो सकता है, बल्कि शासन की साख भी प्रभावित हो सकती है। खाद्य मंत्री श्री राजपूत ने इस संदर्भ में आयुक्त,



खाद्य के स्तर से एक विशेष जांच दल गठित करने के निर्देश दिए हैं। यह दल रेण्डम आधार पर प्रदेश के विभिन्न जिलों में चावल के परिवहन और भंडारण की संपूर्ण प्रक्रिया का औचक निरीक्षण करेगा। यह जांच दल संबंधित जिलों द्वारा की गई कार्यवाही का अभिलेखीय परीक्षण करेगा। इसमें प्रेषण व प्राप्ति रजिस्टर, परिवहन अनुबंध, गुणवत्ता परीक्षण रिपोर्ट, भंडारण स्थल का भौतिक सत्यापन आदि शामिल होंगे। खाद्य मंत्री श्री राजपूत ने स्पष्ट किया है कि विभाग द्वारा पूर्व में जारी मानक निर्देश एवं एसओपी सभी जिलों के लिए बाध्यकारी हैं। इसमें किसी भी स्तर पर की गई लापरवाही को गंभीरता से लिया जाएगा। सभी जिलों को निर्देशित किया गया है कि वे चावल के प्रेषण और प्राप्ति से जुड़ी कार्यवाहियों को एसओपी के अनुरूप ही निष्पादित करें तथा जांच दल को आवश्यक दस्तावेज एवं सूचनाएं उपलब्ध कराते हुए पूर्ण सहयोग सुनिश्चित करें। मंत्री श्री राजपूत ने अपर मुख्य सचिव खाद्य को यह भी निर्देश दिया है कि जांच दल द्वारा की गई निरीक्षणीय कार्रवाई का विस्तृत प्रतिवेदन निर्धारित समय-सीमा में प्रस्तुत किया जाय, ताकि उसके आधार पर आगे की कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि कोई भी गड़बड़ी पाए जाने पर दोषियों के विरुद्ध कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाए।

खाद्य मंत्री श्री राजपूत ने कहा है कि प्रदेश सरकार नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण खाद्यान्न उपलब्ध कराने तथा सार्वजनिक वितरण प्रणाली को पारदर्शी एवं सुदृढ़ बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

## रीजनल इंडस्ट्री कॉनक्लेव से विंध्य क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के खुले हैं द्वार : उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल

भोपाल (आरएनएस)। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि हाल ही में आयोजित रीजनल इंडस्ट्री कॉनक्लेव, रीवा के माध्यम से विंध्य क्षेत्र में निवेश के नए और अपार अवसर खुले हैं। जो विंध्य के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेंगे। पतंजलि समूह जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों की भागीदारी से इस क्षेत्र में औद्योगिक क्रांति की मजबूत आधारशिला रखी जा सकती है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल से अमहिया, रीवा स्थित निज निवास पर पतंजलि योगपीठ के संस्थापक सचिव आचार्य श्री बालकृष्ण ने सौजन्य भेंट की।

इस अवसर पर पतंजलि संस्थान द्वारा विंध्य क्षेत्र में किए जा रहे निवेश एवं संभावित औद्योगिक परियोजनाओं को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। क्षेत्रीय विकास, स्थानीय संसाधनों के समुचित उपयोग तथा युवाओं को रोजगार से जोड़ने के विषयों पर गहन विचार-विमर्श किया गया।

## शालाओं में 22 अप्रैल को होगा पृथ्वी दिवस का आयोजन


### विद्यार्थी निर्मित करेंगे वनस्पतियों की जानकारी के क्यूआर कोड

भोपाल (आरएनएस)। प्रदेश की सभी शालाओं में 22 अप्रैल 2025 मंगलवार के दिन पृथ्वी दिवस का आयोजन किया जायेगा। इस आयोजन के संचालन के लिए संचालक राज्य शिक्षा केन्द्र हरजिंदर सिंह ने समस्त जिला कलेक्टर्स को पत्र लिखकर निर्देश जारी किये हैं। विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता के लिए केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा ''इको क्लब फॉर मिशन लाइफ'' कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार की गतिविधियां की जा रही हैं। पर्यावरण के प्रति जागरूकता के लिए विद्यालयों में इको क्लब का गठन भी किया गया है।




प्रदेश में विद्यालयों में गठित इको क्लब से फ्लोरा (वनस्पति) के लिए क्यूआर कोड नामक एक शैक्षिक पहल की शुरूआत की गई है। इसका प्रमुख उद्देश्य विद्यार्थियों में तकनीकी कौशल का विकास करना, क्यूआर कोड निर्माण और डिजिटल जानकारी प्रदान करना है। पृथ्वी दिवस के आयोजन में विद्यालय द्वारा इको क्लब फॉर मिशन लाईफ'' पोर्टल पर पंजीयन किया जायेगा।

# एमपी के 'डॉ. डेथ' ने किया चौंकाने वाला दावा, बोला- मेरे दस्तावेज हैं असली, मुझे तो फंसाया जा रहा है




डॉ. एन जॉन केम, आरोपी

भोपाल (आरएनएस)। मध्य प्रदेश के दमोह जिले के मिशन अस्पताल में लापरवाही से सात मरीजों की मौत के लिए कथित तौर पर जिम्मेदार 'फर्जी' हृदय रोग विशेषज्ञ नरेंद्र यादव उर्फ नरेंद्र जॉन कैम ने गुरुवार को कहा कि वह एक ''बड़ी साजिश'' के शिकार हुए हैं.उन्होंने यह दावा भी किया कि उनके सभी दस्तावेज असली हैं. यादव ने पुलिस हिरासत की अवधि समाप्त होने के बाद एक स्थानीय अदालत के बाहर मीडियाकर्मियों से संक्षिप्त बातचीत के दौरान यह टिप्पणी की.

### डॉ. यादव ने ये किया दावा

इस दौरान यादव ने कहा कि मेरे खिलाफ बड़ी साजिश रची गई है. इसके साथ ही उन्होंने दावा किया कि मेरी सारी डिग्री असली है, जो आपको जांच पूरी होने के बाद पता चल जाएगा. थोड़ी देर इंतजार कीजिए. जांच से जुड़े सूत्रों ने भी बताया कि एमबीबीएस डिग्री के अलावा यादव ने अपनी स्नातकोत्तर डिग्री और अन्य दस्तावेजों के आधार पर दावा किया कि वह एक प्रशिक्षित हृदय रोग विशेषज्ञ है. दरअसल, पिछले सात अप्रैल को उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार किए गए यादव को शुक्रवार को फिर से अदालत में पेश किया जाएगा.

### पुलिस की गिरफ्त में है डॉ. यादव

दरअसल, इस मामले राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) को एक शिकायत मिली थी, जिसमें दावा किया गया था कि दमोह के मिशन अस्पताल में सात लोगों की मौत हो गई थी. यादव ने इन सभी मरीजों की कथित रूप से सर्जरी की थी. इसके बाद उन्हें गिरफ्तार किया गया था. इसके बाद यादव के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 315 (4) (बेईमानी से गबन), 338 (जालसाजी), 336 (3) (धोखाधड़ी के इरादे से दस्तावेज या इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड बनाना या बदलना) समेत प्रासंगिक धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था।

### जमानत के लिए हाईकोर्ट का खटखटाएंगे दरवाजा

मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रिया सिंह ने गुरुवार को यादव की पुलिस रिमांड एक दिन के लिए और बढ़ा दी. यादव के वकील सचिन नायक ने अभियोजन की याचिका का विरोध करते हुए कहा कि उनका मुवक्किल प्रयागराज में गिरफ्तारी के बाद सात अप्रैल से पुलिस हिरासत में है. नायक ने कहा कि उनके मुवक्किल अपनी जमानत के लिए मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय का रुख करेंगे।

### फर्जी डॉ. ऐसे मांगता था नौकरी

इंदौर स्थित एक रोजगार सलाहकार कंपनी के निदेशक ने पिछले हफ्ते कहा था कि यादव ने 2020 और 2024 के बीच तीन बार नौकरी के लिए अपना बायोडाटा भेजा था. इसमें उसने दावा क्या था कि उन्होंने हजारों मरीजों का ऑपरेशन किया है. कंपनी को 2024 में भेजे गए नौ पन्ने के बायोडाटा में यादव ने खुद को एक वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ बताया था और अपना स्थायी पता ब्रिटेन में बर्मिंघम का दिया था।

## ग्रामीण क्षेत्रों में विशेषज्ञ परामर्श के लिए टेली-मेडिसिन सेवा वरदानः उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल

भोपाल (आरएनएस)। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि सरकार प्रदेश के हर क्षेत्र में उन्नत एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं के प्रदाय के लिये प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि टेली-मेडिसिन सेवा दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में विशेषज्ञ सेवाओं के प्रदाय का सशक्त माध्यम है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने श्यामशाह चिकित्सा महाविद्यालय रीवा में टेली-मेडिसिन सेवा का शुभारंभ किया। इस सेवा से रीवा और सीधी जिलों के प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के चिकित्सकों को वरिष्ठ विशेषज्ञों का परामर्श प्राप्त होगा।इस सेवा के तहत अब संजय गांधी अस्पताल, रीवा के मेडिसिन, शिशु रोग (पेडियाट्रिक्स) तथा स्त्री रोग (गायनी) विभाग के वरिष्ठ विशेषज्ञ चिकित्सक, दूरस्थ क्षेत्रों में कार्यरत डॉक्टरों को फोन या अन्य संचार माध्यमों से जरूरी परामर्श देंगे। इससे उन मरीजों को तुरंत लाभ मिलेगा जिन्हें विशेषज्ञ सलाह की आवश्यकता होती है। अब ग्रामीण क्षेत्र के नागरिकों को विशेषज्ञ सेवाओं के लिए ज़िला मुख्यालय आने की आवश्यकता विशेष परिस्थितियों में ही पड़ेगी। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि यह सेवा न सिर्फ मरीजों की यात्रा की आवश्यकता को कम करेगी, बल्कि समय, धन और संसाधनों की भी बचत करेगी।

## विकास कार्यों में लापरवाही नहीं चलेगी, अधिकारियों को समय पर करना होगा पूरा काम

### राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने गोविंदपुरा क्षेत्र के रहवासियों की समस्याएं सुनीं

भोपाल (आरएनएस)। पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर ने कहा कि विकास कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अधिकारियों को समय पर काम करना होगा। मंत्री श्रीमती गौर ने अधिकारियों द्वारा लंबे समय तक फाइल अटकाने



पर नाराजगी व्यक्त की। राज्य मंत्री श्रीमती गौर ने शुक्रवार को वार्ड-61 का औचक निरीक्षण कर रहवासियों की समस्याएं सुनीं और मौके पर ही उनका निराकरण किया।राज्य मंत्री श्रीमती गौर ने भ्रमण के दौरान कहा कि नागरिक सुविधाओं के स्थायी समाधान के लिए हम संकल्पित हैं। हमारा निरंतर प्रयास है कि क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं की कोई कमी नहीं रहे, इसके लिए आवश्यक कार्य किए जा रहे हैं। मंत्री श्रीमती गौर को गोविंदपुरा स्थानीय रहवासियों ने पेयजल से जुड़ी कुछ परेशानियाँ बताईं। उन्होंने पानी का प्रेशर कम होना और निर्धारित समय से कम अवधि तक पानी मिलने की शिकायत की। मंत्री श्रीमती गौर ने अधिकारियों को पाइपलाइन का प्रेशर ठीक करने, पानी लाइन नेटवर्क को दुरुस्त करने और जल आपूर्ति की समय सीमा बढ़ाने के निर्देश दिए। राज्य मंत्री श्रीमती गौर को लवकुश नगर, समृद्धि परिसर खजूरीकलां के रहवासियों ने बताया कि यहां मौजूद 40 फीट रोड पर बारिश में पानी भर जाता है। रहवासियों ने नाली पर से अतिक्रमण हटा कर सफाई की मांग की। राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने अधिकारियों से पानी निकासी की व्यवस्था करने और मंदिर में पेवर ब्लॉक लगाने के निर्देश दिए।

## दुबई से छुट्टी पर आये युवक पर बदमाशो ने किया तलवार से हमला

### – थाने के पास ही घात लगाकर बैठे थे बदमाश

भोपाल(ए)। श्यामला हिल्स थाने के नजदीक ही घात लगाकर बैठे दो बैखौफ बदमाशो ने एक युवक पर तलवार से हमला कर उसे घायल कर दिया। जान बचाने के लिये तलवार का वार हाथ से रोकने के कारण उसके दाहिने हाथ में घातक चोट आई है। पुलिस के अनुसार श्यामला हिल्स थाने के पास रहने वाले समीर आगा खान (36) दुबई में नौकरी करते हैं। बीते दिनो वह ईद का त्यौहार होने पर भोपाल अपने घर आए हुए थे। उन्होंने बताया कि बुधवार रात वे गिन्नौरी में रहने वाले अपने परिचित अफजल के घर गए थे। रात करीब साढ़े 10 वापस घर लौटे और कच्चा बंगला क्षेत्र के पास कार रोकने के बाद उतरकर घर की तरफ जा रहे थे। उसी समय पहे से घात लगाकर बैठे दो बदमाशों ने उन पर तलवार से हमला कर दिया। पहला हमला सिर के पास किया लेकिन वह जैसै-तैसै बच गए तब बदमाशो ने दूसरा वार किया जिसे उन्होंने अपने हाथ से रोका। इससे उनके हाथ में दो जगह गंभीर चोट आई है।

# स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स परिसर में 24 अप्रैल को होगा लोकार्पण एवं भूमिपूजन समारोह

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव के मुख्य आतिथ्य में होगा आयोजन

ग्वालियर (ए.)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 24 अप्रैल को ग्वालियर में विकास कार्यों का लोकार्पण करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता केन्द्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया करेंगे। विकास कार्यों के लोकार्पण समारोह में विशेष अतिथि के रूप में विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर, प्रदेश के जल संसाधन एवं जिले के प्रभारी मंत्री तुलसीराम सिलावट, उद्यानिकी मंत्री नारायण सिंह कुशवाह, ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, क्षेत्रीय सांसद भारत सिंह कुशवाह सहित वरिष्ठ जनप्रतिनिधि को आमंत्रित किया गया है। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने शनिवार को ग्वालियर विधानसभा क्षेत्र में नवनिर्मित सीएम राइज स्कूल का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने नवनिर्मित सीएम राईज स्कूल के अवलोकन के दौरान संबंधित निर्माण एजेंसी को निर्देशित किया है कि 24 अप्रैल से पूर्व भवन



में जो भी छोटे-मोटे कार्य शेष रहे हैं उन्हें पूर्ण कर लिया जाए। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने बताया कि विकास कार्यों का लोकार्पण समारोह बिरलानगर के स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स परिसर में आयोजित किया जायेगा। निरीक्षण के दौरान अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अतुल सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी अजय कटियार एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर एवं एसपी ने कार्यक्रम स्थल की तैयारियों का लिया जायजा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में 24 अप्रैल को जेसी मिल स्कूल के पीछे बिरलानगर स्थित स्पोट्स कॉम्प्लेक्स परिसर में आयोजित होने जा रहे विकास कार्यों के लोकार्पण एवं भूमिपूजन समारोह की तैयारियाँ जारी हैं।

कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारियों ने शुक्रवार को स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स परिसर पहुँचकर मंच, आगुंतकों की बैठक व्यवस्था एवं पार्किंग सहित अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय, एसडीएम ग्वालियर सिटी अतुल सिंह व एसडीएम लश्कर नरेन्द्र बाबू यादव सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

## शीघ्र ही राजस्व अभिलेखागार को आधुनिकतम रूप में लायें : कलेक्टर श्री सक्सेना

जबलपुर (ए.)। कलेक्टर दीपक सक्सेना ने आज राजस्व रिकार्ड रूम का अवलोकन कर शीघ्र ही इसे आधुनिकतम रूप में लाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सभी राजस्व रिकार्ड कम्प्यूटर में फीड हो, ताकि



सहजता से वांछित रिकार्ड सुलभता के साथ उपलब्ध हो सके। इस अवसर पर अपर कलेक्टर नाथूराम गोंड, संयुक्त कलेक्टर ऋषभ जैन, श्रीमती नदीमा शीरी व डिप्टी कलेक्टर सुश्री प्रगति गणवीर सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

## मुख्यमंत्री 20 अप्रैल को नीमच जिले के खिमला में चीते छोड़कर, चीता प्रोजेक्ट का शुभारंभ करेंगे

### विधायक, कलेक्टर एवं एस.पी. ने खिमला एवं रामपुरा में मुख्यमंत्री जी के कार्यक्रम की तैयारियों का लिया जायजा



नीमच (ए.)। नीमच 18 अप्रैल 2025, प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव का आगामी 20 अप्रैल को नीमच जिले के जावद रामपुरा एवं खिमला ब्लाक में कार्यक्रम प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव जावद में 20 अप्रैल को हेलीकॉप्टर से पहुंचकर, वहां सीएम राइज स्कूल भवन के लोकार्पण समारोह एवं हितग्राहियों को हितलाभ वितरण तथा नवीन उद्योगों, विभिन्न विकास एवं निर्माण कार्यों का भूमि पूजन कर कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। तत्पश्चात हेलीकॉप्टर से रामपुरा पहुंचकर वहां मेला ग्राउंड पर आयोजित जनसभा कार्यक्रम को संबोधित करेंगे और विभिन्न विकास एवं निर्माण कार्यों का लोकार्पण भूमिपूजन एवं हितग्राहियों को हितलाभ वितरित करेंगे।

मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव रामपुरा के कार्यक्रम पश्चात हेलीकॉप्टर से खिमला ब्लॉक के लिए प्रस्थान कर खिमला में चीता प्रोजेक्ट के तहत निर्मित गांधी सागर अभ्यारण के बाड़े में चीते छोड़कर गांधी सागर अभ्यारण प्रोजेक्ट का शुभारंभ करेंगे।

विधायक मनासा अनिरुद्ध मारू, कलेक्टर हिमांशु चंद्रा, पुलिस अधीक्षक अंकित जायसवाल, वनमंडलाधिकारी नीमच एसके अटोदेएवं डीएफओ मंदसौर संजय रायखेरे,जिला पंचायत सीईओ अमन वैष्णव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवलसिंह सिसोदिया, एसडीम पवन बारिया, तहसीलदार मुकेश निगम, थाना प्रभारी रामपुरा आरसी दांगी, रेंजर भानुप्रताप सिंह सोलंकी, सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ खिमला मे चीता प्रोजेक्ट के बाड़े के मुख्य द्वार के सामने हेलीपैड निर्माण, बाड़े में बैरिकेडिंग्स,वायर फेंसिंग, सुरक्षा व्यवस्था एवं मंच निर्माण, चीते छोड़ने के कार्यक्रम की तैयारियों के संबंध में आवश्यक व्यवस्थाओं संबंधी निर्देश दिए। विधायक श्रीमारू एवं कलेक्टर, एस.पी.ने रामपुरा में प्रस्तावित कार्यक्रम स्थल हेलीपैड मंच स्थल पार्किंग स्थल आदि का निरीक्षण कर, संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

## अब चेहरा स्कैन कर होगा ई-केवाईसी बायोमेट्रिक सत्यापन

सिंगरौली (आरएनएस)। सिंगरौली 17 अप्रैल 2025/ जिला आपूर्ति अधिकारी पी.सी चन्द्रवंशी ने बताया कि खाद्य विभाग द्वार निशुल्क राशन के लिए ई-केवाईसी होना अनिवार्य कर दिया गया है और इसके लिए अंतिम तिथि 30 अप्रैल निर्धारित की गई है। ई-केवाईसी नहीं होने पर हितग्राही निशुल्क राशन से वंचित हो सकते हैं ई-केवाईसी में बुजुर्गों और 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के फिंगरप्रिंट मिलान में समस्या आ रही थी जिसके कारण उनका बायोमेट्रिक सत्यापन नहीं हो पा रहा था इस कारण से जिले में 1081034 पंजीकृत हितग्राहियों में से 286523 हितग्राहियों की ई-केवाईसी नहीं हो सकी इनमें अधिकांश वृद्ध और बच्चे है। फिंगरप्रिंट मिलान नहीं होने से 1 मई 2025 से इनके सामने राशन का संकट आ सकता है। जिला आपूर्ति अधिकारी पीसी चंद्रवंशी के अनुसार इस समस्या से निपटने के लिए अब विभाग द्वारा मोबाइल एप तैयार किया गया है जिसके माध्यम से चेहरे को स्कैन कर ई-केवाईसी अपडेशन किया जा सकता है।

# डिंडोरी जिले के जनजातीय गाँव उफरी के हर घर पहुंचा नल से जल

डिंडोरी (आरएनएस)। डिंडोरी जिले के करंजिया ब्लॉक का उफरी गांव, जहां कभी जल संकट विकराल रूप ले लेता था, अब स्वच्छ पेयजल की सुविधा से आत्मनिर्भर हो चुका है। यह वही गांव है, जहां पानी की एक-एक बूंद के लिए ग्रामीणों को लंबी दूरी तय करनी पड़ती थी, जहां महिलाओं और बच्चों का बड़ा हिस्सा अपने दिन का अधिकांश समय पानी की व्यवस्था करने में ही गंवा देता था। अब यह सब बीते समय की बात हो गई है। गांव के बुजुर्ग श्री गंगाराम बैगा बताते हैं, "गर्मियों में पानी की इतनी दिक्कत थी कि कई बार हमें रात में भी पानी भरने जाना पड़ता था। कई बार तो ऐसा हुआ कि झिरियों से गंदा पानी पीने के कारण गांव के कई लोग बीमार पड़ गए। हमें कभी उम्मीद नहीं थी कि हमारे गांव में भी नल से पानी मिलेगा। अब हालात पूरी तरह बदल गए हैं। यह हमारे लिए किसी चमत्कार से कम नहीं है।"

**पीएम जनमन योजना बनी संजीवनी**

जल संकट से जूझ रहे इस गांव में पीएम जनमन योजना के साथ जल जीवन मिशन का प्रभावी क्रियान्वयन किया गया। लोक स्वास्थ्य



यांत्रिकी विभाग द्वारा यहां एक बड़ी पेयजल टंकी का निर्माण कराया गया, जिससे पाइपलाइन के माध्यम से हर घर तक पानी पहुंचाया गया। इस योजना का मुख्य उद्देश्य जनजातीय परिवारों तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाना था, ताकि उन्हें जल संकट से मुक्ति मिल सके।

गांव की महिला श्रीमती सुकली बाई कहती हैं, "पहले हमें रोज सुबह जल्दी उठकर पानी के लिए निकलना पड़ता था। कई बार रात में भी पानी भरना पड़ता था, क्योंकि सुबह भीड़ अधिक होती थी। हमारी पूरी दिनचर्या पानी पर निर्भर थी, खेती-किसानी और बच्चों की देखभाल भी पीछे छूट जाती थी। अब हमें यह चिंता नहीं रहती, अब समय बचता है और हम अन्य कामों पर ध्यान दे सकते हैं।"

**नल से जल, 110 परिवारों के जीवन में बदलाव**

लगभग 530 जनसंख्या वाले उफरी गांव में जल जीवन मिशन के तहत 110 परिवारों को घर-घर नल कनेक्शन दिए गए। अब ग्रामीणों को पीने के लिए साफ पानी उपलब्ध है, जिससे कई समस्याएं हल हो गई हैं। सबसे बड़ा फायदा यह हुआ कि अब बीमारियों का खतरा कम हो गया है। पहले दूषित पानी पीने के कारण गांव में डायरिया, पीलिया जैसी बीमारियां आम थीं, लेकिन अब स्वास्थ्य केंद्र में ऐसे मामलों में काफी कमी आई है। गांव के बुजुर्गों और युवाओं का कहना है कि यह सिर्फ एक योजना नहीं, बल्कि उनके जीवन को सरल और सुखद बनाने वाली क्रांतिकारी पहल है। ग्रामीणों ने इस बदलाव को हृदय से स्वीकार किया है और प्रधानमंत्री जनमन योजना को विकास का वह स्रोत माना है, जिसने उफरी को नई पहचान दी है। पानी की हर बूंद के साथ अब यहां विकास की नई लहर बह रही है।



# डीबीटी से आई लीकेज में कमी, पिछले 10 वर्षों में भारत ने 3.48 लाख करोड़ रुपये बचाए : रिपोर्ट



नई दिल्ली (आरएनएस)। भारत के प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) सिस्टम के तहत लीकेज में कमी आने के साथ कुल 3.48 लाख करोड़ रुपये की बचत हुई है। पीएम मोदी के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा शुरू किए गए इस सिस्टम के शुभारंभ के बाद से लाभार्थी कवरेज में 11 करोड़ से 176 करोड़ तक 16 गुना वृद्धि दर्ज की गई है।

लीकेज को रोकने के लिए इस सिस्टम के तहत पैसा सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में भेजा जाता है। परिणामस्वरूप सब्सिडी आवंटन कुल व्यय के 16 प्रतिशत से घटकर 9 प्रतिशत हो गया है। स्टडी में कहा गया है, डीबीटी ने लीकेज पर अंकुश लगाने और ट्रांसपेरेंसी को बढ़ावा देने के साथ फंड वितरण को लेकर सटीकता सुनिश्चित की है। इसी के साथ डीबीटी के साथ कल्याणकारी वितरण को दोबारा परिभाषित किया गया है।यह पॉलिसी डॉक्युमेंट बजट, सब्सिडी और सामाजिक परिणामों पर डीबीटी के प्रभाव का आकलन करने के लिए एक दशक (2009-2024) के आंकड़ों का मूल्यांकन करता है।

पॉलिसी डॉक्युमेंट में कहा गया है कि वेलफेयर एफिसिएंसी इंडेक्स 2014 में 0.32 से बढ़कर 2023 में 0.91 हो गया है। यह इंडेक्स राजकोषीय और सामाजिक लाभों को मापता है।

डॉक्युमेंट के अनुसार, 2009-10 में कल्याण बजट में 2.1 लाख करोड़ रुपये से 2023-24 में 8.5 लाख करोड़ रुपये की वृद्धि के बावजूद सब्सिडी आवंटन में गिरावट दर्ज की गई है, जो कि डीबीटी की सफलता को दर्शाता है।


डॉक्युमेंट के अनुसार, फूड सब्सिडी कुल बचत का 53 प्रतिशत हिस्सा है, जबकि एमजीएनआरईजीएस और पीएम-किसान जैसे कार्यक्रमों के तहत समय पर मजदूरी हस्तांतरण कर 22,106 करोड़ रुपये की बचत हासिल की गई।

आधार-लिंक्ड ऑथेंटिकेशन ने फेक लाभार्थियों को कम करने में मदद की, जिससे राजकोषीय व्यय के बिना कवरेज का विस्तार हो पाया।स्टडी में मिक्स्ड-मेथड अप्रोच का इस्तेमाल किया गया था, जिसमें केंद्रीय बजट डेटा, डीबीटी पोर्टल रिकॉर्ड और सेकेंडरी सोर्स को जांचा गया था।इसमें डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने और ग्रामीण और अर्ध-शहरी बैंकिंग पहुंच को प्राथमिकता देने की भी सिफारिश की गई है। स्टडी में कहा गया है कि लीकेज को कम करने के लिए एआई-ड्रिवन फ्रॉड डिटेक्शन को इंटीग्रेट किया जाना चाहिए।

## आरबीआई ने कहा- बैंक खातों में लेनदेन पर कड़ी निगरानी रखी जाए

मुंबई (ए.)। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने कहा कि बैंक केंद्रीय बैंक को सूचना दिये बिना अपनी विदेशी शाखाओं या प्रतिनिधियों के नाम पर रुपया खाते (ब्याज रहित) खोल या बंद कर सकते हैं। हालांकि, आरबीआई ने डिपॉजिट और अकाउंट पर जारी मास्टर निर्देश में कहा कि पाकिस्तान के बाहर संचालित पाकिस्तानी बैंकों की शाखाओं के नाम पर रुपया खाते खोलने के लिए रिजर्व बैंक की विशेष मंजूरी की आवश्यकता होगी। खातों में लेन-देन पर कड़ी निगरानी रखी जानी चाहिए ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि विदेशी बैंक भारतीय रुपये पर सट्टा लगाने वाला नजरिया न अपनाएं. ऐसे किसी भी मामले की सूचना रिजर्व बैंक को दी जानी चाहिए। इससे पहले भारतीय रिजर्व बैंक ने देश के बैंकिंग सिस्टम में मजबूती को लेकर अहम बात की थी। आरबीआई ने कहा कि आपात परिस्थितियों और मुश्किलों से निपटने के लिए एक बफर पूंजी यानी सीसीवाईबी बना रखा है। हालांकि, इसका इस्?तेमाल परिस्थितियों के हिसाब से किया जाएगा।

## ऑस्ट्रेलिया के नॉर्थ क्वींसलैंड एक्सपोर्ट टर्मिनल का अधिग्रहण करेगी अदाणी पोर्ट्स, बोर्ड ने दी मंजूरी



अहमदाबाद ,(आरएनएस)। । देश की सबसे बड़ी एकीकृत ट्रांसपोर्ट यूटिलिटी कंपनी अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन लिमिटेड (एपीएसईजेड) के निदेशक मंडल ने एबॉट पॉइंट पोर्ट होल्डिंग्स (एपीपीएच) के अधिग्रहण को मंजूरी दे दी है। यह अधिग्रहण कारमाइकल रेल एंड पोर्ट सिंगापुर होल्डिंग (सीआरपीएसएचपीएल) से किया गया है, जो अदाणी समूह से जुड़ा हुआ है।

अदाणी पोर्ट्स ने गुरुवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि इस सौदे को अभी कई जरूरी अनुमोदन मिलने शेष हैं। इनमें भारतीय रिजर्व बैंक, शेयरधारकों और ऑस्ट्रेलिया के विदेशी निवेश समीक्षा बोर्ड से अनुमोदन शामिल हैं। कंपनी ने बताया कि अधिग्रहण छह महीने के भीतर पूरा होने की उम्मीद है।

एपीपीएच के पास नॉर्थ क्वींसलैंड एक्सपोर्ट टर्मिनल (एनक्यूएक्सटी) का मालिकाना हक और संचालन का अधिकार है। यह एक विशेष निर्यात टर्मिनल है, जिसकी वर्तमान क्षमता 50 मिलियन टन प्रति वर्ष (एमटीपीए) है। यह टर्मिनल ऑस्ट्रेलिया के पूर्वी तट पर, उत्तर क्वींसलैंड के बोवेन शहर से लगभग 25 किलोमीटर उत्तर में एबॉट प्वाइंट पोर्ट पर स्थित है।

प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि अधिग्रहण पूरी तरह से नकद रहित होगा। एपीपीएच की शत-प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करने के बदले अदाणी पोर्ट्स सीआरपीएसएचपीएल को 14.38 करोड़ इक्विटी शेयर जारी करेगा। यह सौदा 397.5 करोड़ ऑस्ट्रेलियन डॉलर के एंटरप्राइज वैल्यू के आधार पर किया जा रहा है। अदाणी पोर्ट्स एपीपीएच की बैलेंस शीट पर मौजूद कुछ नॉन-कोर संपत्तियां और देनदारियों भी लेगा, जिन्हें अधिग्रहण के कुछ महीनों के भीतर सुलझा लिया जाएगा। इस अधिग्रहण के बाद भी अदाणी पोर्ट्स का ऋण स्तर (लिवरेज) लगभग पहले जैसा ही बना रहेगा। एपीएसईजेड के सीईओ अश्वनी गुप्ता ने कहा, एनक्यूएक्सटी का अधिग्रहण हमारी अंतर्राष्ट्रीय रणनीति में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो नए निर्यात बाजारों के द्वार खोलता है और हमें अपने प्रमुख ग्राहकों के साथ दीर्घकालिक अनुबंध सुरक्षित करने में मदद करता है। पूर्व-पश्चिम व्यापार मार्ग पर रणनीतिक रूप से स्थित एनक्यूएक्सटी, एक उच्च-प्रदर्शन करने वाली संपत्ति के रूप में मजबूत विकास के लिए तैयार है, जिसे बढ़ती क्षमता, आने वाले समय में अनुबंधों के नवीनीकरण, और दीर्घकाल में ग्रीन हाइड्रोजन निर्यात की संभावनाएं आगे बढ़ाएंगी। हमारा लक्ष्य है कि अगले चार वर्षों में एनक्यूएक्सटी का ईबीआईटीडीए 40 करोड़ ऑस्ट्रेलियन डॉलर तक पहुंचे। मुझे गर्व है कि हम एनक्यूएक्सटी का स्वागत अपनी 'ग्रोथ विथ गुडनेस' पहल में कर रहे हैं, क्योंकि यह पर्यावरण, सामाजिक और संचालन मानकों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का उत्कृष्ट उदाहरण है।

## ब्रिजस्टोन इंडिया अपनी टायर रेंज का करने जा रही विस्तार

नई दिल्ली (ए.)। इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की बढ़ती मांग को ध्यान में रखते हुए ब्रिजस्टोन इंडिया अपनी टायर रेंज का विस्तार करने जा रही है। ब्रिजस्टोन कंपनी अपनी ईवी-रेडी ट्यूरांज़ा 6 आई और ड्यूलर ऑल टेरेन (ए/टी ) 002 टायर रेंज को नए साइज में बाजार में पेश करेगी।

कंपनी के कार्यकारी निदेशक, राजर्षि मोइत्रा ने बताया कि इस विस्तार का उद्देश्य विभिन्न प्रकार की गाड़ियों की जरूरतों को पूरा करना है। ट्यूरांज़ा 6 आई टायर एसयूवी, सीयूवी, सेडान और हैचबैक सेगमेंट की गाड़ियों के लिए डिज़ाइन किया गया है और यह 14 से 20 इंच के आकार में उपलब्ध होगा। वहीं, ड्यूलर ए/टी 002 विशेष रूप से 4 गुणा 4 गाड़ियों के लिए विकसित किया गया है। भारत में टायर बाजार हर साल लगभग 4.4 करोड़ यूनिट का है, जिसमें 2 करोड़ यूनिट ओईएम सेगमेंट और 2.4 करोड़ यूनिट आफ्टरमार्केट सेगमेंट में आती हैं। ब्रिजस्टोन इंडिया का दावा है कि आफ्टरमार्केट सेगमेंट में उसकी 20प्रतिशत हिस्सेदारी है, और कंपनी मारुति सुजुकी, टाटा मोटर्स, महिंद्रा, हुंडई, टोयोटा और होंडा जैसी प्रमुख कार निर्माताओं के साथ साझेदारी में काम करती है। मोइत्रा ने कहा कि ट्यूरांज़ा 6द्व एक ईवी-रेडी टायर है और यह आफ्टरमार्केट में पहले से उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त, कंपनी अपने ओईएम पार्टनर्स के साथ मिलकर ईवी प्रोजेक्ट्स पर भी काम कर रही है। ब्रिजस्टोन इंडिया के इंदौर और पुणे में दो उत्पादन प्लांट हैं, जहां कुल मिलाकर रोज़ाना 30,000 टायर बनाए जाते हैं। 2024 में 85 मिलियन डॉलर निवेश की घोषणा के साथ कंपनी पुणे प्लांट की उत्पादन क्षमता को बढ़ाने की योजना बना रही है।मोइत्रा ने कहा कि आने वाले पांच वर्षों में आफ्टरमार्केट सेगमेंट में हर साल 6 से 8 प्रतिशत की वृद्धि की उम्मीद है, और कंपनी का लक्ष्य अपनी हिस्सेदारी को मजबूत करना है। भारत में इलेक्ट्रिक कारों की बिक्री 2023 में 95,859 यूनिट से बढ़कर 2024 में 1,13,441 यूनिट हो गई है, जिससे ईवी टायरों की मांग में भी वृद्धि हुई है।

# सेबी की कार्रवाई के बीच जेनसोल इंजीनियरिंग के दो और स्वतंत्र निदेशकों ने दिया इस्तीफा



नई दिल्ली (ए.)। बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) की कार्रवाई के बाद जेनसोल इंजीनियरिंग लिमिटेड के दो और स्वतंत्र निदेशकों ने इस्तीफा दे दिया है।

इससे पहले बाजार नियामक कथित फंड डायवर्जन और फर्जीवाड़े के कारण जेनसोल के प्रमोटर अनमोल सिंह जग्गी और पुनीत सिंह जग्गी पर प्रतिबंध लगा चुका है। एक्सचेंज फाइलिंग के मुताबिक, हर्ष सिंह और कुलजीत सिंह पोपली ने तत्काल प्रभाव से कंपनी छोड़ दी है। इससे पहले एक अन्य स्वतंत्र निदेशक अरुण मेनन ने भी कंपनी से इस्तीफा दिया था।

पोपली ने अपने इस्तीफे में कहा कि हाल ही में हुए घटनाक्रम से वह दुखी हैं। उन्होंने लिखा, मुझे उम्मीद थी कि बीते एक महीने में कुछ सकारात्मक कदम उठाए जाएंगे, लेकिन जिस तरह से चीजें सामने आई हैं, मैं स्वतंत्र निदेशक के पद पर बने रहने की स्थिति में नहीं हूं।


उन्होंने आगे कहा, मुझे उम्मीद थी कि कंपनी जो इतनी तेजी से बढ़ी है और जिसकी अच्छी प्रतिष्ठा और साख रही है, वह आगे भी बढ़ती रहेगी और सभी पक्षकारों के लिए मूल्य सृजन करेगी और प्रशासन से जुड़े मुद्दों का समाधान किया जाएगा। हालांकि ऐसा नहीं हुआ।दूसरी ओर, हर्ष सिंह ने इस्तीफा देने के पीछे अन्य पेशेवर प्रतिबद्धताओं का हवाला दिया।हर्ष सिंह ने अपने इस्तीफे में कहा, मुझे पता है कि मेरा फैसला ऐसे समय में आया है जब कंपनी मुश्किल दौर से गुजर रही है। हालांकि, पटना में मेरी पेशेवर प्रतिबद्धताएं कंपनी में उपयोगी तरीके से योगदान देने में बाधा बन रही हैं। मुझे ईमानदारी से लगता है कि इस मुश्किल समय में कंपनी को आगे बढ़ाने के लिए बोर्ड में स्वतंत्र निदेशक के रूप में मेरे स्थान पर एक अधिक अनुभवी व्यक्ति की आवश्यकता है। जेनसोल इंजीनियरिंग से हो रहे लगातार इस्तीफों का असर कंपनी के शेयर की कीमत पर भी दिख रहा है।

# सम्पादकीय

अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है,
सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य

## हस्ताक्षर तो तमिल में करें

तमिलों के प्रति अपना विशेष लगाव दिखाते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तमिल भाषा को दुनिया में ले जाने की बात उठाई। उन्होंने तमिल माध्यम से शिक्षा शिक्षा प्रदान करने की वकालत की ताकि गरीब छात्रों को भी लाभ मिल सके। तमिलनाहु में पम्बन ब्रिज के उद्धाषण भाषण में उन्होंने राज्य के मुख्यमंत्री स्टालिन का नाम लिये बगैर कहा, तमिलनाडु के नेताओं के पत्रों में हस्ताक्षर अंग्रेजी में होते हैं। मोदी ने तंज करते हुए कहा, अगर हमें तमिल पर गर्व है तो मैं अनुरोध करूंगा कि कम से कम हस्ताक्षर तो तमिल में करें।राज्य सरकार को पिछली सरकार की तुलना में अधिक धन आवंटित किये जाने पर मोदी ने कहा कि, कुछ लोगों को रोने की आदत होती है, वे रोते रहते हैं। स्टालिन की गैरहाजरी में ही राज्य में 8300 करोड़ रुपये की परियोजनाओं की आधारशिला भी रखी।हालांकि स्टालिन के प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में शामिल न होने को भाजपा ने प्रधानमंत्री का अपमान बताया है। कहा जा सकता है कि नई शिक्षा नीति पर चल रही हिन्दी थोपने की बहस को लेकर मोदी ने परोक्ष में हस्ताक्षर वाली बात पर प्रहार किया। यह टिप्पणी केंद्र व तमिलनाडु सरकार के दरम्यान चल रहे त्रि-भाषा नीति को लेकर चल रहे विवाद को तूल भी दे सकती है। अगले साल राज्य में होने वाले चुनाव से इस घटनाक्रम को जोड़कर देखा जा सकता है।भाजपा गठबंधन फिर से अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम के साथ सरकार बनाने की पृष्ठभूमि तैयार कर रहा है। राज्य के चुनावी बिसात में पुराने मोहरे बिछाने की तैयारी के अतिरिक्त मोदी सरकार के पास बेहद सीमित मार्ग हैं। हालांकि मुख्यमंत्री को प्रधानमंत्री का इस्तकबाल करके बड़प्पन दिखाना शोभनीय होता। प्रधानमंत्री किसी दल का नहीं होता, वे अखंड भारत का प्रतिनिधित्व करते हैं।बजरिए तमिल भाषा में दर्शाये जा रहे इस अपनापे के खोखलेपन से स्थानीय जनता अच्छी तरह वाकिफ है। बेहतर हो कि यह हस्ताक्षर वाली सलाह सभी राज्यों को दी जाती। अपनी भाषा के प्रति लगाव दर्शाने का बेहतर तरीका तो यही हो सकता है कि इस तरह के पत्र-व्यवहार को स्थानीय भाषा में किया जाए। बहुभाषी अखंड देश होने का ख्याल रखा जाना केंद्र के लिए अतिआवश्यक है।चुनावी सरगर्मी में हमें तमिल होने पर गर्व हो जाता है। जो मौसम बदलते ही कश्मीरी होने पर या बंगाली होने के गर्व में तब्दील होता रहता है। हालांकि देश की राजनीति ऐसे ही संवेदनशील मुद्दों के भरोसे चलती आ रही है, इसमें कुछ बदलता नहीं नजर आ रहा।



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता नई दिल्ली स्थित अपने आवास पर लोगों से बातचीत करती

# देश में समाप्त होने के कगार पर नक्सलवाद

**रमेश सर्राफ धमोरा**

पिछले छः दशकों से देश में नासूर बनकर उभरा नक्सलवाद अब समाप्त होने की कगार पर पहुंच गया है। देश के गृहमंत्री अमित शाह ने संसद में घोषणा की है कि 31 मार्च 2026 तक देश में नक्सलवाद को समाप्त कर दिया जाएगा। गृह मंत्री द्वारा की गई यह एक बहुत बड़ी घोषणा है। गत 60 वर्षों से देश नक्सलवाद की समस्या से बुरी तरह पीड़ित रहा है। इस दौरान देश में कई सरकारें आई और चली गई मगर नक्सलवाद का नासूर दिनों-दिन बढ़ता ही रहा था। देश के कई प्रदेशों में तो बहुत बड़े हिस्से में नक्सलवादी अपनी समानांतर सरकार तक चलाते थे। नक्सलवाद प्रभावित जिलों में उनकी हुकूमत चलती थी। वहां केंद्र व राज्य सरकार का कोई असर नहीं दिखता था। नक्सलियों का फरमान ही अंतिम आदेश होता था जिसे लोग मानने को मजबूर थे।

मगर अब परिस्थितियों पूरी तरह बदल चुकी है। केंद्र सरकार की नक्सलवाद से मुक्ति के अभियान की सफलता से नक्सलवाद अपनी अंतिम सांसे गिन रहा है। कई बड़े-बड़े नक्सली कमांडर सुरक्षा बलों से मुठभेड़ में ढेर हो चुके हैं या फिर उन्होंने सरेंडर कर अपनी जान बचा ली है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पिछले दिनो कहा कि नक्सलवाद मुक्त भारत के निर्माण की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए भारत ने वामपंथी उग्रवाद से अति प्रभावित जिलों की संख्या 12 से घटाकर 6 कर दिया है। शाह ने नक्सलवाद को खत्म करने के लिए मोदी सरकार के दृष्टिकोण पर रोशनी डालते हुए और सभी क्षेत्रों में विकास को बढ़ावा देने के लिए देश की प्रतिबद्धता पर जोर देते हुए कहा था कि मोदी सरकार सर्वव्यापी विकास के लिए अथक प्रयासों और नक्सलवाद के खिलाफ दृढ़ रुख के साथ सशक्त, सुरक्षित और समृद्ध भारत बनाने के लिए दृढ़ संकल्पित है। हम 31 मार्च 2026 तक नक्सलवाद को जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए प्रतिबद्ध हैं।गृह मंत्रालय के अनुसार भारत में नक्सलवाद से प्रभावित जिलों की कुल संख्या पहले 38 थी। इनमें से सबसे अधिक प्रभावित जिलों की संख्या अब घटकर 6 हो गई है। साथ ही चिंता के जिलों और अन्य वामपंथी उग्रवाद प्रभावित जिलों की संख्या में भी कमी आई है। नक्सलवाद से सबसे अधिक प्रभावित छह जिलों में



अब छत्तीसगढ़ में चार जिले बीजापुर, कांकेर, नारायणपुर और सुकमा झारखंड का पश्चिमी सिंहभूम जिला व महाराष्ट्र का गढ़चिरौली जिला शामिल है। इसके अतिरिक्त चिंता के जिलों की संख्या जिन्हें गहन संसाधनों और ध्यान की आवश्यकता है 9 से घटकर 6 रह गई है। ये जिले आंध्र प्रदेश में अल्लूरी सीताराम राजू, मध्य प्रदेश में बालाघाट, ओडिशा में कालाहांडी, कंधमाल और मलकानगिरी और तेलंगाना में भद्राद्री-कोठागुडेम हैं। अन्य वामपंथी उग्रवाद प्रभावित जिलों की संख्या जो नक्सली गतिविधि का भी सामना कर रहे हैं लेकिन कम हद तक 17 से घटकर 6 हो गई है। इनमें छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा, गरियाबंद और मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चैकी, झारखंड का लातेहार, ओडिशा का नुआपाड़ा और तेलंगाना का मुलुगु जिला शामिल हैं। इन जिलों को उनके पुनर्निर्माण और विकास में सहायता करने के लिए केंद्र सरकार विशेष केंद्रीय सहायता (एससीए) योजना के तहत वित्तीय सहायता प्रदान करती है। सबसे अधिक प्रभावित जिलों को 30 करोड़ रुपये मिलते हैं। जबकि सार्वजनिक बुनियादी ढांचे में अंतराल को भरने के लिए चिंता वाले जिलों को 10 करोड़ रुपये आवंटित किए जाते हैं। इन क्षेत्रों की जरूरतों के अनुरूप विशेष परियोजनाओं को भी सरकार द्वारा वित्त पोषित किया जाता है।

नक्सलवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति के चलते वर्ष 2025 में अब तक केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा तैयार किए गए आंकड़ों के अनुसार छत्तीसगढ़ में मुठभेड़ों में कम से कम 130 नक्सली मारे गए हैं। इनमें से 110 से ज्यादा बस्तर संभाग में मारे गए जिसमें बीजापुर और कांकेर समेत सात जिले शामिल हैं। देश के विभिन्न हिस्सों से 105 से अधिक नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया और 2025 में अब तक 164 ने आत्मसमर्पण कर दिया है। वहीं इससे पहले वर्ष 2024 में 290 नक्सलियों को न्यूट्रलाइज किया गया था 1090 को गिरफ्तार किया गया और 881 ने आत्मसमर्पण किया था। अभी तक कुल 15 शीर्ष नक्सली नेताओं को न्यूट्रलाइज किया जा चुका है।वर्ष 2014 तक कुल 66 फोर्टिफाइड पुलिस स्टेशन थे जबकि मोदी सरकार के पिछले 10 साल के कार्यकाल में इनकी संख्या बढ़कर 612 हो गई है। इसी प्रकार, 2014 में देश में 126 जिले नक्सलप्रभावित थे लेकिन 2024 में सबसे अधिक प्रभावित जिलों की संख्या घटकर मात्र 12 रह गई है। पिछले 5 वर्षों में कुल 302 नए सुरक्षा कैंप और 68 नाइट लैंडिंग हेलीपैड्स बनाए गए हैं। केंद्रीय गृह मंत्रालय के अनुसार वर्ष 2004 से 2014 तक देश में नक्सलवाद से जुड़ी 16,463 हिंसक घटनाएं हुई थीं। लेकिन पिछले 10 वर्षों में इसमें 53 प्रतिशत कमी आई है। वर्ष 2004 से 2014 तक विभिन्न नक्सली हमलों और नक्सल विरोधी अभियानों के दौरान 1851 सुरक्षा कर्मियों की जान गई थी। लेकिन पिछले 10 साल में सुरक्षाबलों के हताहत होने की संख्या 73 प्रतिशत घटकर 509 रह गई है। वहीं 2004 से 14 के बीच नक्सली हमलों में 4,766 नागरिकों की मौत हुई थी। 2014 से 2024 के बीच यह आंकड़ा 70 प्रतिशत घटकर 1495 रह गया है।

गृह मंत्रालय के अनुसार वर्ष 2025 में अब तक 90 नक्सली मारे जा चुके हैं, 104 को गिरफ्तार किया गया है और 164 ने आत्मसमर्पण किया है। वर्ष 2024 में 290 नक्सलियों को न्यूट्रलाइज किया गया था, 1090 को गिरफ्तार किया गया और 881 ने आत्मसमर्पण किया था।

# धर्म और पूजा में स्त्रियों की भूमिका: एक तथ्यपूर्ण विश्लेषण

**विवेक रंजन श्रीवास्तव**

धार्मिक परंपराओं में स्त्रियों की भूमिका हमेशा से विवाद का विषय रही है। कई धर्मों में स्त्रियों को पूजा-अर्चना, धार्मिक अनुष्ठानों और धर्मस्थलों में पुरुषों के बराबर अधिकार नहीं दिए गए हैं। हालाँकि, कुछ धर्मों के मूल ग्रंथों में स्त्रियों को समानता का दर्जा दिया गया है, लेकिन व्यवहार में अभी भी भेदभाव बना हुआ है। आइए, विभिन्न धर्मों में स्त्रियों की पूजा-पद्धति में भागीदारी की स्थिति का विश्लेषण करें।

### इस्लाम में स्त्रियों की पूजा ( नमाज ) में भागीदारी..

इस्लाम में धार्मिक समानता का सिद्धांत है, लेकिन व्यवहार में महिलाओं को कई प्रतिबंधों का सामना करना पड़ता है।

### क्या कहता है कुरान ?

- कुरान स्पष्ट रूप से महिलाओं को नमाज पढ़ने से नहीं रोकता।
- हदीसों में भी महिलाओं के लिए घर में नमाज पढ़ने को बेहतर बताया गया है, लेकिन मस्जिद जाने से मना नहीं किया गया।
- पैगंबर मुहम्मद (स.अ.व.) के समय में महिलाएँ मस्जिद जाती थीं और पुरुषों के पीछे अलग पंक्ति में नमाज अदा करती थीं।

### वर्तमान स्थिति:

हाल ही दोहा में एक अलग मस्जिद स्त्रियों के लिए बनाई गई है।
- भारत और कई देशों में अधिकांश मस्जिदों में महिलाओं के लिए अलग प्रार्थना स्थल नहीं होता, जिसके कारण उन्हें मस्जिद जाने से रोका जाता है।
- कुछ प्रगतिशील मस्जिदें (जैसे केरल की कुछ मस्जिदें और दिल्ली की जामा मस्जिद) महिलाओं के लिए अलग व्यवस्था करती हैं, लेकिन यह अपवाद है। -महिला आयोग और सरकार को चाहिए कि वे मस्जिद प्रबंधन से महिलाओं के लिए पृथक प्रार्थना कक्ष की माँग करें, ताकि धार्मिक समानता सुनिश्चित हो सके।

### हिंदू धर्म में स्त्रियों की पूजा में भागीदारी..

हिंदू धर्म में स्त्रियों को देवी के रूप में पूजा जाता है, लेकिन कई मंदिरों में उनके प्रवेश पर प्रतिबंध हैं।

### शास्त्रों का दृष्टिकोण

- वेदों और पुराणों में महिलाओं को यज्ञ और पूजा में बराबरी का अधिकार दिया गया है। - ऋग्वेद में लोपामुद्रा, गार्गी और मैत्रेयी जैसी विदुषी महिलाओं का उल्लेख है, जो धार्मिक चर्चाओं में भाग लेती थीं।

### वर्तमान स्थिति:

- कुछ मंदिरों (जैसे सबरीमला, पुरी जगन्नाथ मंदिर) में महिलाओं के प्रवेश पर रोक है, जिसे लेकर विवाद हो चुके हैं। 2018 में सुप्रीम कोर्ट ने सबरीमला मंदिर में महिलाओं के प्रवेश को अनुमति दी, लेकिन व्यवहार में इसका पालन नहीं हो रहा। महिला आयोग और सरकार को चाहिए कि वे ऐसे मंदिरों के नियमों की समीक्षा करें और संशोधन करवाएँ, ताकि महिलाएँ बिना भेदभाव के पूजा कर सकें।

### -ईसाई धर्म में स्त्रियों की भूमिका..

ईसाई धर्म में महिलाओं को चर्च में प्रार्थना करने की पूरी आजादी है, लेकिन कुछ संप्रदायों में पादरी बनने पर प्रतिबंध है।

### बाइबिल का दृष्टिकोण:

- बाइबिल में पौलुस के कुछ उल्लेखों में महिलाओं को चुप रहने को कहा गया है (1 Timoth4 2:12), लेकिन यीशु ने स्वयं महिलाओं को समानता दी।

### वर्तमान स्थिति:

- कैथोलिक चर्च में महिलाएँ पादरी नहीं बन सकतीं, जबकि प्रोटेस्टेंट चर्च में यह अनुमति है। - भारत में अधिकांश चर्चों में महिलाएँ स्वतंत्र रूप से प्रार्थना कर सकती हैं।

### 4. सिख धर्म: सबसे अधिक समानतावादी

सिख धर्म में लैंगिक समानता को मूलभूत सिद्धांत माना गया है।

गुरु ग्रंथ साहिब का दृष्टिकोण: - गुरु नानक देव जी ने कहा, सो क्यों मंदा आखिए जित जम्मे राजान (वह क्यों बुरी कहलाए, जिससे राजा पैदा होते हैं)। सिख इतिहास में महिलाएँ गुरुद्वारों का प्रबंधन करती रही हैं।

### वर्तमान स्थिति:

-गुरुद्वारों में महिलाएँ बिना किसी भेदभाव के ग्रंथी (पाठक) और सेवादार बन सकती हैं। लंगर में भी पुरुष और महिलाएँ साथ बैठकर भोजन करते हैं।

### क्या बदलाव की जरूरत है?

-मस्जिदों में महिलाओं के लिए अलग प्रार्थना कक्ष बनाए जाने चाहिए ताकि वे बिना किसी रोक-टोक के नमाज अदा कर सकें।
- हिंदू मंदिरों से महिलाओं के प्रवेश पर लगे प्रतिबंध हटाए जाने चाहिए, क्योंकि यह संवैधानिक समानता के खिलाफ है। महिला आयोग और सरकार को धार्मिक संस्थानों के साथ बातचीत करके इन मुद्दों को हल करना चाहिए। धर्म का उद्देश्य मानवता को जोड़ना है, तो फिर स्त्री-पुरुष के बीच भेदभाव क्यों? समय आ गया है कि धार्मिक संस्थाएँ महिलाओं को पूजा और धार्मिक अनुष्ठानों में बराबरी का दर्जा दें।

# आज का राशिफल

मेष राशि: आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज व्यावसायिक कार्य योजना में बदलाव करना जरूरी है। अनुभवी लोगों का मार्गदर्शन आपकी ग्रोथ के लिए मददगार रहेगा। आज आपकी इनकम अच्छी रहेगी। नौकरी कर रहे लोगों को जल्दी ही स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं। लवमेट के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

वृष राशि: आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज ऑफिस में अत्यधिक कार्यभार बना रहेगा, इसलिए आलस करने से बचना चाहिए। आज अपने संपर्क सूत्रों को और अधिक सुदृढ़ करें, क्योंकि यह आपके लिए बहुत अधिक लाभदायक साबित होने वाले हैं। आज आपको किसी प्रकार की नई जानकारी भी हासिल होगी।

मिथुन राशि: आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज परिवार का संपत्ति संबंधित मामला सुलझ सकता है, जिसमें आपको घर के सदस्यों की मदद भी मिलेगी। आज घर के वरिष्ठ सदस्यों के स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। आज खर्चो की अधिकता की वजह से मन कुछ उलझन में रहेगा। परंतु जल्दी ही परिस्थितियां आपके अनुकूल हो जाएंगी, इसलिए धैर्य बनाकर रखें। आज दोस्त की किसी समस्या को सुलझाने में आपका सहयोग जरूरी है।

कर्क राशि: आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आपका जो उद्देश्य है, उससे जुड़े विचारों पर ध्यान देने की कोशिश करें। अगर बिजनेस बढ़ाने के लिए योजनाएं बना रहे हैं तो उन पर काम करने के लिए अनुकूल समय है। किसी प्रभावशाली इंसान की सलाह और मदद से आपको नई उपलब्धि मिल सकती है।

सिंह राशि: आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। परिवार में अपना उचित समय देना वातावरण को मधुर बनाकर रखेगा। आज दिन भर दौड़-धूप और मेहनत की अधिकता रहेगी, परंतु कार्य की सफलता आपकी थकान को दूर भी कर देगी। किसी मित्र की मदद करने से आपका मन शांत रहेगा। इस राशि के युवाओं को अपने करियर संबंधी प्रयासों में मन मुताबिक परिणाम मिलेंगे।

कन्या राशि: आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज इस बात का भी ध्यान रखें, कि भावनाओं में आकर महत्वपूर्ण निर्णय ना ले। माता-पिता अपने बच्चों के साथ दोस्ताना व्यवहार बनाकर रखें, क्योंकि ज्यादा अंकुश लगाना उनके आत्मबल में कमी कर सकता है। आज किसी भी तरह की आवाजाही करने से समय और पैसा खर्च हो सकता है।

तुला राशि: आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आज ऑफिस में वर्कलोड बढ़ सकता है लेकिन आपके द्वारा किया गया काम आपके बॉस को इम्प्रेस करेगा। आज आलस या दूसरों की वजह से अपने महत्वपूर्ण काम को नजरअंदाज न करें। आर्थिक मामलों में बजट आदि का ध्यान रखना बहुत जरूरी है। आज समझदारी और सावधानी से काम लेने का समय है। आज दूसरों के मामलों में हस्तक्षेप ना करके अपने कार्यों में ही व्यस्त और मस्त रहेंगे।

वृश्चिक राशि: आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज आपका पूरा ध्यान अपने कार्य में सुधार करने में रहेगा। आज बच्चे आपने माता पिता का ज्यादा ध्यान रखेंगे और बात भी मानेंगे। आज का दिन बहुत ही सुकून भरा रहेगा। परिवार के साथ मनोरंजन और ऑनलाइन शॉपिंग जैसी गतिविधियों में बीतेगा।

धनु राशि: आज का दिन आपके लिए ख़ास होने वाला है। दिन भर भाग-दौड़ की स्थिति रहेगी। कुछ समय आध्यात्मिक गतिविधियों में व्यतीत करने से मानसिक सुकून मिलेगा। प्रॉपर्टी से संबंधित मामले में आज परिणाम आपके पक्ष में आने की संभावना है। इस राशि के लोग अपने भविष्य को लेकर गंभीर रहेंगे, आपको जल्दी ही शुभ समाचार भी मिलने वाला है।

मकर राशि: आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आप किसी व्यक्ति विशेष के बारे में सोच कर रोमांचित रहेंगे। आज आपको कुछ नए अनुभव मिल सकते हैं। आज पारिवारिक अथवा व्यक्तिगत कारणों की वजह से व्यवसाय के स्थान पर अधिक समय नहीं दे पाएंगे। परंतु फिर भी फोन द्वारा अधिकतर काम सुचारू रूप से संपन्न हो जाएंगे।

कुंभ राशि: आज का दिन आपके लिए नई उमंग से भरा रहने वाला है। आज आस-पास के लोगों के लिए आपका व्यवहार अच्छा रहेगा, आपके अंदर नई ऊर्जा का संचार होगा। रोजमर्रा की दिनचर्या से सुकून पाने के लिए आज किसी धार्मिक स्थल पर जाने का प्रोग्राम बनेगा, जिससे तन और मन दोनों प्रफुल्लित रहेंगे। किसी नए कार्य की शुरुआत करने में प्रभावशाली व्यक्ति का उचित सहयोग मिलेगा।

मीन राशि: आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज बड़ों का आशीर्वाद मिलेगा जिससे आपकी सकारात्मकता बढ़ेगी। आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। आज कुछ ना कुछ चुनौतियां भी रह सकती हैं। विपरीत परिस्थिति आने पर घबराएं नहीं और समाधान ढूंढने का प्रयास करेंगे तो सब ठीक हो जाएगा। साथ ही वाणी व गुस्से पर भी नियंत्रण रखेंगे।

# हार्वर्ड पर ट्रम्प के गुस्से के मायने

कृष्णमोहन झा

अमेरिका में एक अंतराल के बाद पुनः राष्ट्रपति की कुर्सी पर आसीन होने के बाद डोनाल्ड ट्रम्प अपने कई विवादित फैसलों, बयानों और कार्यशैली के माध्यम से पूरी दुनिया का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर चुके हैं और यह सिलसिला थमने के अभी कोई आसार नजर नहीं आ रहे हैं। वे अमेरिका के अंदर और अमेरिका के बाहर की दुनिया को लगातार यह संदेश देने का प्रयास कर रहे हैं कि किसी भी क्षेत्र में उनकी मर्जी के आगे सबको नतमस्तक होना चाहिए चाहे वह अमेरिका का ही विश्वविख्यात सु प्रतिष्ठित उच्च शिक्षा संस्थान हार्वर्ड यूनिवर्सिटी ही क्यों न हो। इस बार उन्होंने अमेरिका की इस हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के उस प्रबन्धन को अपना कोप भाजन बनाया है जिसने अमेरिका सरकार से संघीय वित्त पोषण के अंतर्गत मिलने वाली आर्थिक मदद पर रोक की परवाह न करते हुए डोनाल्ड ट्रम्प की मांगें स्वीकार करने से दृढ़ता पूर्वक इंकार कर दिया है। ट्रम्प चाहते हैं कि हार्वर्ड यूनिवर्सिटी में अमेरिकी मूल्यों के विरुद्ध आचरण करने वाले छात्रों की सूचना सरकार को दी जाए , यूनिवर्सिटी अपने विभागों का आडिट किसी बाहरी कंपनी के माध्यम से कराये, हार्वर्ड में विरोध प्रदर्शन में नियमों का उल्लंघन करने के विरुद्ध यूनिवर्सिटी सख्त कार्रवाई करे । इसके अलावा ट्रम्प ने यूनिवर्सिटी से अपनी विविधता समानता और समावेशन की नीति में बदलाव लाने की मांग की । यहूदी विरोधी प्रदर्शनों को सबसे ज्यादा बढ़ावा देने वाले विभागों की सूचना सरकार को देने की मांग भी इनमें शामिल है। हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के प्रेसिडेंट एलन गार्बर ने अमेरिकी राष्ट्पति की इन मांगों को संस्थान की स्वायत्तता और संप्रभुता में हस्तक्षेप मानते हुए जब उन्हें मानने से दृढ़ता पूर्वक इंकार कर दिया तो ट्रम्प को उनकी यह दृढ़ता यह इतनी नागवार गुजरी कि उन्होंने सरकार की ओर से यूनिवर्सिटी को दिए जाने वाले 2.2 बिलियन डॉलर का फंड रोकने के आदेश जारी कर दिए । इतना ही नहीं ट्रम्प ने यह यूनिवर्सिटी प्रबंधन को यह धमकी भी दी कि वह अगर अपनी नीतियों में बदलाव के लिए तैयार नहीं है तो उसे अपना कर-



मुक्त दर्जा खोकर राजनीतिक इकाई के रूप में काम करना शुरू कर देना चाहिए। हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के प्रेसिडेंट एलन गार्बर और अमेरिकी राष्ट्रपति के बीच कुछ दिन पूर्व शुरू हुआ यह विवाद अब और गहराता जा रहा है और निकट भविष्य में दोनों के बीच सुलह की संभावनाएं धूमिल होती जा रही हैं । हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के अधिकृत समाचार पत्र द क्रिमसन ने कहा कि हार्वर्ड ने सबसे स्पष्ट और सबसे साहसिक संदेश भेजा है। हमारे मूल्य बिक्री के लिए नहीं हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति के पद पर डोनाल्ड ट्रम्प के पहली बार निर्वाचित होने के पूर्व राष्ट्रपति पद पर लगातार दो कार्यकाल पूर्ण कर चुके बराक ओबामा ने हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के प्रेसिडेंट एलन गार्बर के रुख का समर्थन करते हुए कहा है कि हार्वर्ड ने उच्च शिक्षा संस्थानों के लिए एक उदाहरण प्रस्तुत किया है। उसने अकादमिक स्वतंत्रता को दबाने के गैर कानूनी और अमानवीय प्रयास को खारिज कर दिया है। ओबामा ने उम्मीद जताई कि अन्य विश्वविद्यालय भी उसका अनुसरण करेंगे ।

गौरतलब है कि 1636 में स्थापित हार्वर्ड यूनिवर्सिटी ने केवल अमेरिका ही नहीं बल्कि सारी दुनिया में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट संस्थान के रूप में अभूतपूर्व ख्याति अर्जित की है।इसकी दस शैक्षणिक इकाइयां हैं जिनसे पढ़ कर निकले प्रतिभाशाली छात्रों ने शिक्षा , साहित्य, राजनीति, विज्ञान सहित अनेक क्षेत्रों में इस संस्थान का नाम रोशन किया है। पूर्व राष्ट्रपति जान एफ कैनेडी, जार्ज डब्ल्यू बुश, बराक ओबामा, हेलन केलर,थियोडोर रूजवेल्ट,मार्क जुकरबर्ग, बिल गेट्स, रतन टाटा जैसी अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त हस्तियां ने हार्वर्ड यूनिवर्सिटी से पढ़ कर ही सफलता की आकाशीय ऊंचाईयों को स्पर्श किया। अतीत में नोबेल पुरस्कार से सम्मानित होने वाली अनेक महान विभूतियों ने भी हार्वर्ड यूनिवर्सिटी में शिक्षा ग्रहण की थी यह फेहरिस्त भले ही बहुत लंबी हो लेकिन अमेरिका के वर्तमान राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प मानते हैं कि अमेरिका के इस विश्व विख्यात शिक्षा संस्थान ने अब दुनिया में टाप यूनिवर्सिटी की किसी भी सूची में शामिल होने का अधिकार खो दिया है क्योंकि यह संस्थान अब अपने रास्ते से भटक गया है। डोनाल्ड ट्रम्प ने विगत दिनों यहां तक कह दिया कि यह कट्टरपंथी, वामपंथी, मूर्ख और पक्षपाती लोगों को काम पर रख रहा है जो छात्रों और तथाकथित विपक्ष के नेताओं को केवल विफल होना सिखा सकता है। ट्रम्प ने यूनिवर्सिटी पर छात्रों को मूर्खता और नफ़रत सिखाने का आरोप लगाते हुए कहा कि अब इस संस्थान को और फंडिंग नहीं की जानी चाहिए। जाहिर सी बात है कि डोनाल्ड ट्रम्प के राष्ट्रपति रहते हार्वर्ड यूनिवर्सिटी की संघीय फंडिंग तभी जारी रह सकती है जबकि यूनिवर्सिटी प्रबंधन ट्रम्प से न केवल क्षमा याचना करने बल्कि उनकी उन शर्तों को मानने के लिए भी तैयार हो जाए जिन्हें यूनिवर्सिटी के प्रेसिडेंट एलन गार्बर गैरकानूनी और असंवैधानिक करार दे चुके हैं। बताया जाता है कि अमेरिका के कई दूसरे विश्वविद्यालय भी अब हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के समर्थन में आ खड़े हुए हैं। जाहिर सी बात है कि डोनाल्ड ट्रम्प और हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के बीच प्रारंभ हुए इस विवाद का कोई संतोषजनक समाधान तभी निकल सकता है जबकि डोनाल्ड ट्रम्प यूनिवर्सिटी की फंडिंग के बारे में और कठोर फैसले के बिंदु तक पहुंचने के पहले उसके गौरवशाली इतिहास पर भी विचार करें। ट्रम्प को यह तो मानना ही चाहिए कि उनके देश के इस उच्च शिक्षा संस्थान ने सारी दुनिया में अपनी धाक और साख में कभी कमी नहीं आने दी। क्या यह अमेरिका के लिए गौरव का विषय नहीं है।

(लेखक राजनैतिक विश्लेषक है)

# नेशनल हेराल्ड मामला : अनुराग ठाकुर ने कांग्रेस पर लगाए भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप



नई दिल्ली (आरएनएस)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता अनुराग ठाकुर ने शुक्रवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में नेशनल हेराल्ड अखबार मामले में कांग्रेस पार्टी पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए। इसे कांग्रेस का भ्रष्टाचार मॉडल करार दिया।सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस ने 90 करोड़ रुपये का कर्ज माफ कर यंग इंडियन कंपनी को मात्र 50 लाख रुपये में ही 2000 करोड़ रुपये की संपत्ति हस्तांतरित कर दी।ठाकुर ने सवाल उठाया कि क्या कोई राजनीतिक दल इस तरह कर्ज दे सकता है और अगर कर्ज दिया गया तो क्या उस पर ब्याज लिया गया? ठाकुर ने कहा कि नेशनल हेराल्ड, जो पहले एक दैनिक अखबार था, अब नियमित रूप से प्रकाशित नहीं होता। फिर भी, कांग्रेस शासित राज्यों की सरकारें इसे भारी मात्रा में विज्ञापन दे रही हैं।उन्होंने अपने गृह राज्य हिमाचल प्रदेश का उदाहरण देते हुए कहा कि बड़े दैनिक अखबारों को कम राशि मिलती है, जबकि नेशनल हेराल्ड को चांदी के सिक्के दिए जाते हैं। उन्होंने पूछा, क्या यह अखबार कांग्रेस का एटीएम बन गया है? प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की चार्जशीट का हवाला देते हुए ठाकुर ने कहा कि इसमें अपराध की तारीख, समय, स्थान और लेनदेन से जुड़े तथ्य दर्ज हैं।

उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस शासित राज्य जनता के टैक्स के पैसे से नेशनल हेराल्ड को विज्ञापन के रूप में धन दे रहे हैं। दिल्ली, मुंबई, लखनऊ और अन्य शहरों में अखबार को सब्सिडी दरों पर दी गई अरबों रुपये की संपत्तियों का जिक्र करते हुए उन्होंने सवाल उठाया कि क्या इनका किराया उचित रूप से लिया जा रहा है या यह भी फर्जी है?

ठाकुर ने कांग्रेस पर वादाखिलाफी का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस ने न महिलाओं को वादा किया पैसा दिया, न कर्मचारियों को डीए की किश्त, और न ही गोबर या दूध खरीदने के वादे पूरे किए। फिर भी, नेशनल हेराल्ड को विज्ञापन के लिए धन देने में कोई कमी नहीं की जा रही।उन्होंने यंग इंडियन कंपनी पर निशाना साधते हुए कहा कि इसमें कांग्रेस के दो पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्षों की 76 फीसदी हिस्सेदारी है।ठाकुर ने पूछा कि अगर कर्ज माफ करना ही था, तो नेशनल हेराल्ड की मूल कंपनी एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) का कर्ज क्यों नहीं माफ किया गया?उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि 1000 से अधिक शेयरधारकों के हितों का क्या हुआ?

## पंजाब के दो हथियार तस्कर गिरफ्तार, पांच अवैध पिस्टल मय मैग्जीन जब्त

चित्तौड़गढ़ ,(आरएनएस)। चित्तौड़गढ़ जिले की कोतवाली निम्बाहेड़ा थाना पुलिस ने गुरुवार को हथियार तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए पंजाब के दो हथियार तस्करों अवतार सिंह पुत्र करनेल सिंह एवं जसवीर ठाकुर पुत्र रणजिन्दर सिंह (25) निवासी गढ़शकर जिला होशियारपुर को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से पांच अवैध पिस्टल मय मैग्जीन जब्त की है। इन्होंर एक ट्रक चालक को धोखे में रख अपने बैग व कपड़ो में पिस्टल छिपाकर लिफ्ट ली थी। एसपी सुधीर जोशी ने बताया कि जिले में अवैध गतिविधियों पर नजर रख व धरपकड़ करने के उद्देश्य से एएसपी सरिता सिंह के निर्देशन व डीएसपी निम्बाहेड़ा बद्रीलाल राव के सुपरविजन में थानाधिकारी कोतवाली निम्बाहेडा राम सुमेर मीणा के निर्देश पर एएसआई सूरज कुमार व हैड कांस्टेबल हरविन्दर सिंह, कांस्टेबल रामचन्द्र, हेमन्त, रामकेश, राकेश, विजयसिंह, शिशपाल, सुरेन्द्र पाल, विक्रम व बहादूर सिंह द्वारा निम्बाहेडा बाईपास हाईवे रोड़ पर नाकाबंदी की जा रही थी।




उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव दुष्यंत कुमार गौतम के साथ देहरादून स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय में वक्फ सुधार जनजागरण पर राज्य स्तरीय कार्यशाला में शामिल हुए.

## गीता और नाट्यशास्त्र यूनेस्को मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड रजिस्टर में शामिल, पीएम मोदी बोले, हर भारतीय के लिए गर्व का क्षण

नई दिल्ली (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने श्रीमद्भगवद्गीता और भरत मुनि के नाट्यशास्त्र को यूनेस्को के मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड रजिस्टर में शामिल किए जाने पर खुशी जाहिर की। उन्होंने इसे प्रत्येक भारतीय के लिए गर्व का क्षण बताया। दरअसल, शुक्रवार को केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के जरिए जानकारी दी कि गीता और नाट्यशास्त्र को यूनेस्को के मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड रजिस्टर में शामिल किया गया है।

केंद्रीय मंत्री शेखावत के इसी पोस्ट का जवाब देते हुए पीएम मोदी ने लिखा, समूचे विश्व में प्रत्येक भारतीय के लिए गर्व का क्षण। गीता और नाट्यशास्त्र को यूनेस्को के मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड रजिस्टर में शामिल किया जाना हमारे शाश्वत ज्ञान और समृद्ध संस्कृति को वैश्विक मान्यता प्रदान किया जाना है। गीता और नाट्यशास्त्र ने सदियों से सभ्यता और चेतना का पोषण किया है। उनकी अंतर्दृष्टि दुनिया को प्रेरित करना जारी रखे हुए है।



शहजादा हुसैन बुरहानुद्दीन के नेतृत्व में दाऊदी बोहरा समुदाय के सदस्यों ने नई दिल्ली में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात की.

## परमाणु क्षमता बढ़ाने की तैयारी में भारत, विदेशी कंपनियों के लिए आसान हो जाएंगे कानून; ये है प्लान

नई दिल्ली (आरएनएस)। भारत सरकार विदेशी निवेशकों को आकर्षित करने के लिए परमाणु दायित्व कानूनों में बदलाव की तैयारी कर रही है। सरकार की योजना ऐसे संशोधन करने की है, जिससे विदेशी आपूर्तिकर्ताओं की कानूनी जोखिम की चिंताएं कम हों। खासकर अमेरिकी कंपनियां, जैसे जनरल इलेक्ट्रिक और वेस्टिंगहाउस, असीमित दायित्व के कारण भारत में निवेश से अब तक हिचक रही थीं।सूत्रों के अनुसार, सरकार 2010 के सिविल लायबिलिटी फॉर न्यूक्लियर डैमेज एक्ट की उन धाराओं को हटाना चाहती है, जो दुर्घटनाओं की स्थिति में आपूर्तिकर्ताओं पर असीमित मुआवजे का बोझ डालती हैं। नए मसौदे के तहत ऑपरेटर केवल अनुबंधित राशि तक ही आपूर्तिकर्ता से मुआवज़ा मांग सकेगा। यह कदम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उस लक्ष्य के तहत है, जिसमें वर्ष 2047 तक देश की परमाणु ऊर्जा क्षमता को 12 गुना बढ़ाकर 100 गीगावाट करने का लक्ष्य रखा गया है।

## गांधी परिवार को कर्मो का फल मिलेगा, जो किया है वो सामने आएगा : सीएम रेखा गुप्ता

नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा है कि गांधी परिवार को नेशनल हेराल्ड मामले में अपने किए की सजा भुगतनी पड़ेगी।

हाल ही में प्रवर्तन निदेशालय ने नेशनल हेराल्ड मामले में कथित मनी लॉन्ड्रिंग के सिलसिले में कांग्रेस नेता सोनिया गांधी, राहुल गांधी और अन्य के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया है। ईडी ने 9 अप्रैल को दाखिल आरोप पत्र में सोनिया गांधी को आरोपी नंबर 1 और उनके बेटे तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को आरोपी नंबर 2 के तौर पर नामित किया है। मामले की सुनवाई 25 अप्रैल को होगी।

आईएएनएस से विशेष बातचीत में दिल्ली के सीएम ने कहा, नेशनल हेराल्ड मामले में गांधी परिवार ने जो कुछ भी किया है, उसके लिए उन्हें जवाबदेह होना पड़ेगा।विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने की अदालत में सोनिया और राहुल पर धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की विभिन्न धाराओं के तहत आरोप लगाए गए।

आरोप पत्र में कांग्रेस के सहयोगी सुमन दुबे, सैम पित्रोदा और अन्य को भी आरोपी बनाया गया है। भूमि सौदे के मामले में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा व्यवसायी और सोनिया के दामाद रॉबर्ट वाड्रा से पूछताछ पर सीएम गुप्ता ने कहा कि गांधी परिवार को अपने कार्यों के परिणाम भुगतने होंगे।

सीएम गुप्ता ने कहा, जो करम करेगा, उसको भुगतना ही पड़ेगा। गांधी परिवार ने जो किया है, वो उनके सामने आएगा।कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा के पति वाड्रा से हरियाणा के शिकोहपुर में एक जमीन सौदे से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने लगातार तीन दिनों तक पूछताछ की है।सूत्रों ने बताया कि 2008 के जमीन सौदे की जांच के दौरान कुछ नए तथ्य सामने आने के बाद उन्हें तलब किया गया था। उन्होंने कहा कि अधिकारी उनसे इन नए बिंदुओं पर सवाल पूछ रहे हैं। पीएमएलए के तहत उनका बयान दर्ज किया गया है।आईएएनएस से बातचीत के दौरान दिल्ली की सीएम ने राहुल के साथ मंच साझा करने के वायरल वीडियो के बारे में भी बात की।

## महिलाएं बहुत डरी हुई हैं'मुर्शिदाबाद हिंसा पर एनसीडब्ल्यू प्रमुख की सख्त प्रतिक्रिया, पीड़ितों से करेंगी मुलाकात

कोलकाता (आरएनएस)। पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में वक्फ (संशोधन) अधिनियम के खिलाफ हुए विरोध प्रदर्शनों के दौरान हुई हिंसा को लेकर राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर ने चिंता जताई है। गुरुवार शाम वह कोलकाता पहुंचीं और कहा कि महिलाओं के खिलाफ अत्याचार की खबरें गंभीर हैं और आयोग ने इसका संज्ञान लिया है।राष्ट्रीय महिला आयोग अध्यक्ष विजया रहाटकर ने मीडिया से बात करते हुए कहा, हमें जानकारी मिली है कि प्रदर्शन के दौरान महिलाओं के साथ अत्याचार हुआ है। वे डरी हुई हैं। हम खुद मौके पर जाकर स्थिति का जायजा लेंगे और पीड़ित महिलाओं से मिलकर उनकी बात सुनेंगे।

उन्होंने बताया कि आयोग ने इस मामले की जांच के लिए एक समिति गठित की है, जिसमें वह स्वयं भी शामिल हैं। विजया रहाटकर आगामी तीन दिनों में हिंसा प्रभावित इलाकों मुर्शिदाबाद और मालदा का दौरा करेंगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि महिला उत्पीड़न किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है और इस तरह की घटनाएं बेहद निंदनीय हैं। NCW स्थिति की पूरी रिपोर्ट तैयार कर केंद्र और राज्य सरकार को सौंपेगा।

## रक्षा सचिव ने लंदन में की ड्रोन, निगरानी, डिफेंस स्पेस और विमानन पर चर्चा

नई दिल्ली ,(आरएनएस)। भारत और यूनाइटेड किंगडम ने उभरते क्षेत्रीय और वैश्विक भू-राजनीतिक परिदृश्य की समीक्षा की है। यह समीक्षा रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह के दो दिवसीय लंदन दौरे के दौरान की गई। रक्षा सचिव ने यहां दोनों देशों की आर्मी, नौसेना और वायुसेना के बीच सैन्य संपर्क बढ़ाने पर भी विचार किया। ड्रोन, निगरानी, डिफेंस स्पेस और विमानन को लेकर भी यूनाइटेड किंगडम के साथ चर्चा की गई है।

रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह 16 और 17 अप्रैल को लंदन की आधिकारिक यात्रा पर थे। इस यात्रा में उन्होंने यूनाइटेड किंगडम के साथ वार्षिक द्विपक्षीय रक्षा वार्ता के लिए एक उच्च स्तरीय भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया। यात्रा के दौरान, उन्होंने रक्षा के लिए स्थायी अवर सचिव डेविड विलियम्स के साथ 24वीं भारत-यूके रक्षा सलाहकार समूह की बैठक की सह-अध्यक्षता की। दोनों पक्षों ने उभरते क्षेत्रीय और वैश्विक भू-राजनीतिक परिदृश्य की समीक्षा के साथ-साथ रक्षा संबंधों को गहरा करने के लिए अपनी साझा प्रतिबद्धता जताई है।

शुक्रवार को इस संबंध में जानकारी देते हुए रक्षा मंत्रालय ने कहा कि चर्चा 2021 में घोषित व्यापक रणनीतिक साझेदारी और 2030 के रोडमैप के संदर्भ में हुई, जो दोनों देशों के बीच सहयोग को आगे बढ़ाता है। रक्षा सचिव ने यूके के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जोनाथन पॉवेल के साथ भी बातचीत की, जिसमें तीनों सेनाओं के बीच सैन्य संपर्क का विस्तार करने को लेकर चर्चा हुई। यहां इस बातचीत में दोनों देशों के रक्षा उद्योगों के बीच सहयोग को मजबूत करने पर फोकस किया गया। रक्षा सचिव ने लंदन में यूके इंडिया बिजनेस काउंसिल द्वारा आयोजित भारत-यूके रक्षा उद्योग गोलमेज सम्मेलन में प्रतिभागियों को संबोधित किया।

रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने यहां नौसेना प्रणाली, ड्रोन, निगरानी, डिफेंस स्पेस और विमानन जैसे प्रमुख रक्षा क्षेत्रों में भारतीय स्टार्ट-अप की बढ़ती क्षमताओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने यूके की कंपनियों को इन भारतीय नवोन्मेषकों के साथ साझेदारी की संभावना तलाशने के लिए प्रोत्साहित किया।

## फिल्म अभिनेता इमरान हाशमी ने कहा, बीएसएफ के सम्मान में बनाई गई 'ग्राउंड जीरो'

मुंबई ,(आरएनएस)। बॉलीवुड अभिनेता इमरान हाशमी ने अपनी आगामी फिल्म 'ग्राउंड जीरो' के साथ सिनेमाघरों में छाने के लिए तैयार हैं। उन्होंने अपनी फिल्म के बारे में कहा कि यह फिल्म सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की बहादुरी और बलिदान का सम्मान करती है।अभिनेता के अनुसार, यह फिल्म बीएसएफ कर्मियों के समर्पण और वीरता को सटीक रूप से दर्शाती है, जिसमें उनके वास्तविक जीवन के अनुभव और योगदान कथा का मूल हैं।आईएएनएस के साथ एक विशेष बातचीत में, इमरान ने सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की प्रशंसा की और इस बात पर जोर दिया कि कै यह फिल्म उनकी बहादुरी और बलिदान को याद करती है।अभिनेता ने आईएएनएस को बताया, पहले दिन से ही, बीएसएफ इस फिल्म के निर्माण में शामिल थी। हमने पटकथा लेखन के दौरान उनसे सलाह ली, उनकी प्रतिक्रिया ली और उनकी सहमति से सब कुछ नोट किया। यह कहानी उनके बारे में है उनके साहस, बलिदान और जीवन के बारे में है।जब उनसे पूछा गया कि क्या किसी दृश्य के लिए वास्तविक बीएसएफ कर्मियों की सहायता की आवश्यकता थी, तो 'टाइगर 3' के अभिनेता ने स्वीकार किया कि शूटिंग में काफी चुनौतियां थीं।

## सीलमपुर में नाबालिग लड़के की हत्या, आक्रोशित लोगों ने किया जाम रोड, परिजनों ने कहा- आरोपियों को हो फांसी



नई दिल्ली (आरएनएस)। उत्तर पूर्वी दिल्ली में न्यू सीलमपुर के जे-ब्लॉक में 17 वर्षीय एक लड़के की बेरहमी से चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान उसी इलाके के निवासी राजवीर के बेटे कुणाल के रूप में हुई है। कुणाल की हत्या से आक्रोशित लोगों ने सीलमपुर में रोड जाम कर दिया है। भारी संख्या में पुलिस बल मौके पर मौजूद है। स्थानीय लोग आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग कर रहे हैं। वहीं, मृतक के परिजनों का कहना है कि आरोपियों को फांसी होनी चाहिए।

मृतक की मां ने आईएएनएस से बात करते हुए कहा कि पुलिस ने अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की है। अभी तक आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया गया है। इसके अलावा उन्होंने कहा कि इस इलाके में पहले भी कई हत्याएं हो चुकी हैं। उन्होंने कहा कि लेडी डॉन लोगों को परेशान करती है। ग्रुप में जाकर लोगों के घरों पर हमला करती है।

वहीं, मृतक की बहन ने बताया कि पुलिस ने अभी आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया है। लेडी डॉन लगभग तीन महीने पहले जेल से बाहर आई थी। क्षेत्र में बिना बात पर लोगों को मारकर चली जाती है।

मृतक की बहन करीना ने आईएएनएस को बताया कि कुणाल मेरा छोटा भाई है। लेडी डॉन के सवाल पर करीना ने कहा कि मैं उसे नहीं जानती। कुणाल भूखा था और वह दूध लेने के लिए गया था। उसे कोई बुलाकर ले गया था, जहां उसकी चाकू मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने अभी तक आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया है। हम इंसाफ चाहते हैं।

बता दें कि उत्तर पूर्वी दिल्ली में सीलमपुर के जे-ब्लॉक में 17 वर्षीय एक लड़के की गुरुवार शाम को चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई। अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि मृतक की पहचान उसी इलाके के कुणाल के रूप में हुई है। नाबालिग लड़के पर गुरुवार शाम करीब 7.38 बजे हमला हुआ था।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार, चाकू घोंपने की घटना की सूचना सीलमपुर थाने को मिली थी। इसके बाद कुणाल को तुरंत इलाज के लिए जेपीसी अस्पताल ले जाया गया। हालांकि, डॉक्टरों की पूरी कोशिश के बावजूद इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना के बाद, गहन जांच के लिए क्राइम टीम को मौके पर भेजा गया। सीलमपुर थाने में मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने हमलावरों की पहचान करने और उन्हें पकड़ने के लिए कई टीमें तैनात की हैं।

## जाट' पर धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का आरोप, सनी-रणदीप के खिलाफ केस दर्ज



जालंधर, (आरएनएस)। सनी देओल, रणदीप हुड्डा स्टारर हालिया रिलीज फिल्म 'जाट' मुश्किलों में घिरती दिख रही है। फिल्म पर धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का आरोप लगा है। जालंधर के थाना सदर में सनी देओल, रणदीप हुड्डा समेत टीम के अन्य सदस्यों के खिलाफ केस दर्ज कराया गया है। जालंधर के थाना सदर में 'जाट' फिल्म के अभिनेता सनी देओल, रणदीप हुड्डा, वीनित कुमार, निर्देशक गोपीचंद मलिनेनी, प्रोड्यूसर नवीन मलिनेनी के खिलाफ केस दर्ज कराया गया है। फिल्म के सदस्यों पर मामला जालंधर के गांव फोलरीवाल निवासी विकल्फ गोल्ड के बयानों पर दर्ज हुआ है। धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने की धारा 299 बीएनएस के तहत दर्ज किया गया है।

ईसाई समुदाय ने हाल ही में 'जाट' फिल्म में एक सीन को लेकर पुलिस कमिश्नरेट दफ्तर के बाहर प्रदर्शन किया था। समुदाय का आरोप है कि फिल्म के एक सीन में प्रभु यीशु और धर्म से जुड़ी पवित्र चीजों की बेअदबी की गई है, जिसे लेकर उन्होंने अधिकारियों को मामला दर्ज करवाने की मांग के साथ पत्र सौंपा था। पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में बताया गया कि जाट मूवी में प्रभु यीशु मसीह के सलीब (लकड़ी का बना क्रॉस) वाले दृश्य की नकल करके ईसाईयों की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाया गया है।

जाट का निर्देशन गोपीचंद मलिनेनी ने किया है। सनी देओल के साथ फिल्म में रणदीप हुड्डा, विनीत कुमार सिंह, सैयामी खेर और रेजिना कैसंड्रा भी अहम भूमिकाओं में हैं। फिल्म में अभिनेता रणदीप हुड्डा खतरनाक खलनायक रणतुंगा के किरदार में हैं। फिल्म में उर्वशी रौतेला का एक आइटम सॉन्ग टच किया भी है।हिंदी के साथ ही तमिल और तेलुगू में रिलीज हुई फिल्म जाट का निर्माण मैत्री मूवी मेकर्स ने पीपल मीडिया फैक्ट्री के साथ मिलकर किया है।10 अप्रैल को रिलीज हुई जाट का बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन जारी है। फिल्म 60 करोड़ से ज्यादा की कमाई कर चुकी है।सफलता से उत्साहित निर्माताओं ने जाट 2 की घोषणा भी कर दी है। निर्माताओं ने बताया कि जाट 2 नए मिशन के साथ दर्शकों के सामने आएगी।

## सीएम योगी ने आंधी-बारिश से प्रभावित जनपदों में पूरी तत्परता से राहत कार्य संचालित करने के निर्देश दिए

लखनऊ (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश में अप्रैल माह में तेज गर्मी के बाद अचानक बदले मौसम से किसानों को नुकसान हुआ है। गुरुवार को भी मौसम में अचानक बदलाव देखा गया। कई जिलों में बेमौसम बारिश, वज्रपात और आंधी से हुए नुकसान पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संज्ञान लिया है। उन्होंने आंधी-बारिश, ओलावृष्टि, वज्रपात के दृष्टिगत संबंधित जनपदों के अधिकारियों को पूरी तत्परता से राहत कार्य संचालित करने के निर्देश दिए। सीएम योगी ने कहा कि अधिकारी क्षेत्र का भ्रमण कर सर्वे करें तथा राहत कार्य पर नजर रखें। आपदा से जनहानि और पशुहानि होने की स्थिति में प्रभावितों को तत्काल राहत राशि का वितरण करें और घायलों का समुचित उपचार कराया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान में गतिमान गेहूं की सरकारी खरीद के दृष्टिगत मंडियों सहित सभी खरीद केंद्रों पर गेहूं के सुरक्षित भंडारण का पूरा ध्यान रखा जाए। सर्वे कराकर फसल नुकसान का आकलन करते हुए आख्या शासन को भेजें, ताकि इस संबंध में अग्रेतर कार्यवाही की जा सके। जलजमाव की स्थिति होने पर प्राथमिकता पर जल निकासी की व्यवस्था कराई जाए।मालूम हो कि 9 अप्रैल की आधी रात को भी अचानक मौसम खराब हो गया था, जिसके बाद तेज आंधी, ओलावृष्टि के साथ कई जगहों पर आकाशीय बिजली गिरी।

## जान्हवी कपूर ने रेड ड्रेस में लगाया फैशन का तड़का, एक्सेसरीज से बढ़ाया ग्लैमर



बॉलीवुड एक्ट्रेस जान्हवी कपूर अपने स्टाइल के लिए जानी जाती है. वह हर लुक में बला की खूबसूरत लगती हैं. हाल ही में वह रेड कार्पेट पर नडर आई हैं. जहां पर उनके ग्लैमर अंदाज ने सभी का ध्यान अपनी ओर खींच लिया था. उनका यह लुक सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है. एक्ट्रेस अपने फैशन सेंस के लिए सुर्खियों में रहती हैं.

अवॉर्ड फंक्शन में जान्हवी कपूर ने रेड कलर का शिमरी ऑफ-शोल्डर गाउन पहना था, जिसमें वह बेहद ग्लैमरस और स्टनिंग लग रही थीं. इस गाउन की स्वीटहार्ट नेकलाइन और कॉर्सेट फिटिंग ने उनके लुक को और भी खूबसूरत बना दिया था. गाउन का ए- लाइन शेप उनके कर्व्स को हाइलाइट कर रहा था. जिससे उनका लुक एलीगेंट और ग्रेसफुल नजर आया. यह ड्रेस उन्हें प्रिंसेस लुक दे रही थी.

जान्हवी ने अपने इस रेड कार्पेट लुक को बेहद क्लासी एक्सेसरीज के साथ कंप्लीट किया. उन्होंने बीवीएलगारी का खूबसूरत चोकर नेकलेस पहना, जो बी.जीरो1 रॉक चेन हाई ज्वेलरी नेकलेस है. यह ज्वैलरी पीस 18 कैरेट रोज गोल्ड से बना हुआ है और इसमें शाइनी डायमंड्स जड़े हुए हैं. इसके अलावा उन्होंने मैचिंग बी.जीरो1 की इयररिंग्स, रिंग्स और एक स्टैक्ड ब्रेसलेट भी पहना था. जिससे उनके लुक में चार चांद लग गए.

एक्ट्रेस के मेकअप की बात करें तो उन्होंने शिमरी रोज गोल्ड आईशैडो, मस्कारा, फ्लश्ड चीक्स, बेरी-टोन्ड लिप्स और हाइलाइटर का इस्तेमाल किया, जिससे उनका लुक और भी निखरकर सामने आया. उनका मेकअप लुक बेहद फ्रेश और सॉफ्ट ग्लैम टच लिए हुए था, जो उनके ओवरऑल अपीयरेंस को परफेक्ट बना रहा था. इसके साथ ही, उन्होंने अपने बालों को सॉफ्ट वेव्स में स्टाइल किया, जो इस लुक के साथ बेहतरीन तरीके से मैच कर रहा था.

## जाट की रिलीज के एक हफ्ते बाद मेकर्स ने किया सीक्वल का एलान, नए मिशन के साथ लौटेंगे सनी देओल

सनी देओल की नई एक्शन थ्रिलर फिल्म जाट बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रही है. इस फिल्म ने अपने 100 करोड़ रुपये के बजट का लगभग 70 प्रतिशत वसूल कर लिया है. फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर रिलीज हुए एक हफ्ता हो गया है. एक हफ्ते के अंदर ही फिल्म ने 50 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया था. बॉक्स ऑफिस पर जाट की सफलता के बीच, मेकर्स ने फिल्म के सीक्वल का एलान किया है.

सनी देओल, रणदीप हुड्डा और विनीत कुमार सिंह की एक्शन फिल्म जाट सिनेमाघरों में सफलतापूर्वक चल रही है. रिलीज के एक हफ्ते बाद, मेकर्स ने इसके सीक्वल का अनाउंसमेंट किया है. गोपीचंद मालिनेनी निर्देशित एक्शन-थ्रिलर सनी देओल के साथ कहानी को आगे बढ़ाएगी.

मैथ्री मूवी मेकर ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम पर जाट 2 के पोस्टर के साथ इसका एलान किया है और कैप्शन में लिखा है, बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाने के बाद जाट अभी रुका नहीं है. वह एक नए मिशन पर हैं. इस बार, मास फेस्ट बड़ा, बोल्ड और ज्यादा जंगली होगा. फिलहाल अभी जाट 2 की रिलीज की तारीख की पुष्टि की जानी बाकी है.

वहीं, सनी देओल ने भी अपनी यह खुशी फैंस संग साझा की है. उन्होंने ने भी इंस्टाग्राम पर जाट 2 का पोस्टर साझा करते हुए कैप्शन में लिखा है, जाट एक नए मिशन पर. जाट2 जाट 2 के अनाउंसमेंट के बाद फैंस में खुशी की लहर दौड़ पड़ी है. सनी देओल के पोस्ट के कमेंट सेक्शन में एक फैन ने कमेंट कर लिखा है, एक बार फिर से पूरा इंडिया घूंज ऊठैगा जाट 2. एक फैन ने लिखा है, लव यू पाजी. हम इंतजार करेंगे जाट 2 का. एक दूसरे फैन ने लिखा है, वॉउ, मैं बहुत एक्साइटेड हूं.

मेकर्स ने अभी-अभी जाट के 7वें दिन के कलेक्शन का आंकड़ा शेयर किया है. मेकर्स के ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, जाट ने एक सप्ताह में 70.4 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है. फिल्म ने 7वें दिन सबसे कम कलेक्शन किया. इसने बुधवार को भारतीय बॉक्स ऑफिस पर




4.95 करोड़ रुपये ही कमाए

. सनी की एक्शन फिल्म जाट, निर्देशक गोपीचंद मालिनेनी की हिंदी भाषा में पहली फिल्म है. इस फिल्म में रणदीप हुड्डा खलनायक की भूमिका निभात नजर आए हैं. इसमें जगपति बाबू, रेजिना कैसांद्रा, सैयामी खेर, विनीत कुमार सिंह, प्रशांत बजाज, जरीना वहाब जैसे अन्य कलाकार भी शामिल हैं. फिल्म को दर्शकों और समीक्षकों से मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली. लेकिन दर्शकों को सनी देओल और रणदीप हुड्डा के एक्टिंग और एक्शन सीन काफी पसंद आई है.

## रणवीर सिंह की डॉन 3 से जुड़ीं शरवरी वाघ, साल के अंत तक शुरू होगी शूटिंग



जब से फरहान अख्तर की सुपरहिट फ्रैंचाइजी डॉन की तीसरी किस्त डॉन 3 का ऐलान हुआ है, यह लगातार किसी न किसी कारण चर्चा में है।

खास बात यह है कि तीसरे भाग के हीरो शाहरुख खान नहीं, बल्कि रणवीर सिंह हैं।,फिल्म में उनकी जोड़ी कियारा आडवाणी के साथ बनी है और यह पहला मौका होगा, जब ये दोनों कलाकार पर्दे पर साथ दिखाई देंगे।अब डॉन 3 में अभिनेत्री शरवरी वाघ की एंट्री हो चुकी है।रिपोर्ट के अनुसार, डॉन 3 की स्टार कास्ट में अब शरवरी शामिल हो गई हैं।फिल्म में अहम भूमिका निभाने के लिए निर्माताओं ने उनसे संपर्क किया थी और कहानी सुनने के बाद अभिनेत्री तुरंत इसके लिए हामी भर दी है।शरवरी भी इतनी बड़ी फ्रैंचाइजी का हिस्सा बनकर काफी उत्साहित हैं।रिपोर्ट में दावा किया गया है कि इस साल के अंत तक फिल्म डॉन 3 की शूटिंग शुरू हो सकती है।डॉन फ्रैंचाइजी की पहली फिल्म 2006 में आई थी। 38 करोड़ रुपये के बजट में बनी इस फिल्म ने 100 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार किया था।डॉन 2 2011 में आई और इसने 203 करोड़ रुपये से ज्यादा कमाए। फरहान ने अपने प्रोडक्शन हाउस एक्सेल एंटेरटेनमेंट के बैनर तले डॉन और डॉन 2 बनाई थीं। वह दोनों फिल्मों के निर्देशक भी थे, वहीं रितेश सिद्धवानी ने फरहान के साथ मिलकर इन फिल्मों के प्रोडक्शन का काम संभाला था।


## धनुष की कुबेर का नया पोस्टर जारी, फिल्म के पहले गाने के साथ 20 अप्रैल से शुरू होगा प्रमोशन

साउथ अभिनेता धनुष इन दिनों अपनी कई फिल्मों को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। धनुष की आगामी फिल्मों में इडली कड़ाई से लेकर तेरे इश्क में और कुबेर शामिल हैं। आज फिल्म निर्माताओं ने कुबेर फिल्म का एक नया पोस्टर जारी किया है, जिसमें धनुष अपने अंदाज में डांस स्टेप करते दिखाई दे रहे हैं। यह गाना किस दिन रिलीज होगा, इसे लेकर प्रशंसकों में काफी उत्साह है। इसी गाने के साथ शुरू होगा फिल्म का प्रमोशन... धनुष इन दिनों निर्देशक शेखर कम्मुला के साथ मिलकर कुबेर नाम की फिल्म में काम कर रहे हैं। इस फिल्म में धनुष के अलावा नागार्जुन और रश्मिका मंदाना भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। यह एक एक्शन फिल्म होगी।रिपोर्ट के अनुसार, धनुष की आगामी फिल्म कुबेर की रिलीज से पहले इसके प्रमोशन की तैयारी चल रही है। इसीलिए निर्माताओं ने कुबेर के प्रमोशन के लिए इसका पहला गाना लॉन्च करने की तैयारी शुरू कर दी है। निर्माताओं ने आज देवी श्री प्रसाद द्वारा रचित इस गाने को 20 अप्रैल, 2025 को रिलीज की जाने की घोषणा की है।धनुष के स्टाइलिश डांस स्टेप के साथ फिल्म कुबेर का एक और नया पोस्टर जारी किया गया है, जिसमें धनुष अपने स्टाइलिश अंदाज में डांस स्पेट करते दिखाई दे रहे हैं। एक्स पर इस पोस्टर के साथ लिखा, धनुष संभवम लोड हो रहा है 20 अप्रैल को, कुबेरा के साथ - पहला सिंगलधनुष की फिल्म कुबेर एक एक्शन ड्रामा फिल्म है।

## कोस्टाओ का टीजर जारी, कस्टम अधिकारी बन छाए नवाजुद्दीन सिद्दीकी


दिग्गज अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी पिछली बार फिल्म अद्भुत में नजर आए थे, जिसमें हमेशा की तरह उनकी अदाकारी की खूब तारीफ हुई। यह फिल्म सीधा सोनी मैक्स टीवी चैनल पर रिलीज हुई थी।अब नवाजुद्दीन जल्द ही फिल्म कोस्टाओ के जरिए दर्शकों का मनोरंजन करते हुए नजर आएंगे, जिसके निर्देशन की कमान सेजल शाह को सौंपी गई है।आखिरकार अब निर्माताओं ने कोस्टाओ का टीजर जारी कर दिया है, जिसमें नवाज का धाकड़ अवतार दिख रहा है।कोस्टाओ एक हाई-ऑक्टेन क्राइम ड्रामा है, जो गोवा के सबसे बड़े तस्कर से लोहा लेने वाले मेवरिक कस्टम अधिकारी के जीवन से प्रेरित है।फिल्म में नवाज कस्टम अधिकारी कोस्टाओ फर्नांडीज की भूमिका में नजर आएंगे। नवाज के साथ इस फिल्म में प्रिया बापट और किशोर कुमार हुली जैसे कलाकार नजर आएंगे।बता दें कि यह फिल्म सिनेमाघरों में नहीं, बल्कि ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर दस्तक देगी। फिलहाल इसकी रिलीज तारीख सामने नहीं आई है।

## केजीएफ चैप्टर 3 हुई कंफर्म, थिएटर्स में रॉकी भाई बनकर जल्द आने वाले हैं यश




सुपरस्टार यश की केजीएफ ने दुनियाभर में सफलता के नए आयाम स्थापित किए हैं और आज भी दर्शक रॉकी भाई के दीवाने थे. फ्रेंचाइजी के दो पार्ट ब्लॉकबस्टर होने के बाद फैंस को इसके तीसरे पार्ट का बेसब्री से इंतजार था और अब सुपरस्टार ने ये इंतजार भी खत्म कर दिया है. दरअसल केजीएफ 2 के 3 साल पूरे का मेकर्स ने एक स्पेशल वीडियो शेयर करते हुए जश्न मनाया और इसी के साथ चैप्टर 3 भी अनाउंस कर दिया.अप्रैल 2022 में रिलीज होने वाली ब्लॉकबस्टर फिल्म केजीएफ- चैप्टर 2 के तीन साल पूरे हो चुके हैं इस मौके पर प्रोडक्शन हाउस होम्बले फिल्म्स ने फिल्म के यादगार पलों को दिखाते हुए स्पेशल वीडियो मोंटाज शेयर किया. इसके साथ उन्होंने कैप्शन लिखा, केजीएफ- चैप्टर 2 के 3 साल पूरे होने का जश्न. एक भयानक तूफान जिसने सिल्वर स्क्रीन को हिला दिया, सिनेमाघरों को जश्न के अखाड़े में बदल दिया, और सोने में उकेरी गई विरासत छोड़ गया.

## ईशान-भूमि स्टारर द रॉयल्स की रिलीज डेट आउट, जल्द होगी जिद्दी राजकुमार की आमकुमारी से मुलाकात, नेटफ्लिक्स पर देगी दस्तक




ईशान खट्टर और भूमि पेडनेकर की अपकमिंग रॉयल रोमांटिक-कॉम, द रॉयल्स का प्रीमियर नेटफ्लिक्स पर होगा. प्रियंका घोष और नुपुर अस्थाना द्वारा निर्देशित सीरीज में जीनत अमान, साक्षी तंवर, नोरा फतेही, डिनो मोरिया, मिलिंद सोमन, चंकी पांडे, विहान समत, काव्या त्रेहन, सुमुखी सुरेश, उदित अरोड़ा, लिसा मिश्रा और ल्यूक जैसे कलाकार शामिल हैं.

सीरीज की कहानी मोरपुर में सेट की गई है जहां एक शाही परिवार बिना किसी शाही दौलत के रहता था. जब भूमि उनकी जिंदगी में आती है तो उनकी लाइफ नया मोड़ लेती है. उनकी इस शाही लाइफ को ठीक करना उसका एकमात्र उद्देश्य बन जाता है. लेकिन मोरपुर पैलेस के कंगाल राजकुमार को संभालना जितना कहा गया है, उससे कहीं ज्यादा मुश्किल लगता है. जब राजकुमार की शानदार दुनिया एक आम लड़की से टकराती है तो सबकुछ बदल जाता है. अहंकार टकराता है और दोनों में रोमांस खिलता है.

ईशान खट्टर और भूमि पेडनेकर की आने वाली रॉयल रोमांटिक-कॉम, द रॉयल्स का प्रीमियर 9 मई को नेटफ्लिक्स पर होगा. नेटफ्लिक्स ने एक पोस्टर के साथ रिलीज डेट अनाउंस की और लिखा, एक जिद्दी राजकुमार एक गर्लबॉस आमकुमारी से मिलता है रॉयल मेस, या शाही लव स्टोरी द रॉयल्स देखें, 9 मई को, सिर्फ नेटफ्लिक्स पर.

प्रियंका घोष और नुपुर अस्थाना द्वारा निर्देशित, नेहा वीना शर्मा द्वारा लिखी गई और प्रीतीश नंदी कम्युनिकेशंस के बैनर तले निर्मि इस सीरीज में भूमि पेडनेकर वर्क पोटैटो की सीईओ सोफिया शेखर की भूमिका निभा रही हैं और अभिराज सिंह, एक शानदार पार्टी प्रिंस ईशान खट्टर की भूमिका निभा रहे हैं. इनके साथ ही सीरीज में जीनत अमान, साक्षी तंवर, नोरा फतेही, डिनो मोरिया और अन्य शामिल हैं.

## ज्वेल थीफ का नया गाना इल्जाम जारी, सैफ अली खान-निकिता दत्ता का दिखा रोमांटिक अंदाज

सैफ अली खान पिछली बार फिल्म देवरा में नजर आए थे, जिसमें उनके काम को काफी सराहा गया। हालांकि, यह बॉक्स ऑफिस पर औंधे मुंह गिरी।पिछले कुछ समय से सैफ अपनी आगामी फिल्म ज्वेल थीफ- द हीस्ट बिगिन्स को लेकर चर्चा में हैं।फिल्म में जयदीप अहलावत भी मुख्य भूमिका में होंगे। कुणाल कपूर और निकिता दत्ता भी इस फिल्म का हिस्सा हैं।जादू के बाद अब निर्माताओं ने ज्वेल थीफ का नया गाना इल्जाम जारी कर दिया है।इस गाने का मुख्य आकर्षण सैफ अली खान और निकिता दत्ता के बीच की शानदार केमिस्ट्री है।

## चेहरे पर पार्लर जैसा निखार लाने के लिए काफी है सिर्फ एक टमाटर, ऐसे करें इस्तेमाल

आप शायद पहले से ही जानते होंगे कि टमाटर कई कारणों से एक सुपरफूड है. यह न केवल आपके पेट के स्वास्थ्य के लिए बहुत अच्छा है, बल्कि आपकी त्वचा के लिए भी चमत्कारी है. टमाटर उन लोगों के लिए एक बेहतरीन विकल्प है जो बिना अधिक पैसे खर्च किए बहुत आसानी से सुंदर और आकर्षक दिखना चाहते हैं. टमाटर में चेहरे की चमक बढ़ाने और त्वचा की कई समस्याओं को ठीक करने की क्षमता होती है. इसमें विटामिन ए, सी और के भरपूर मात्रा में होते हैं. ये विटामिन त्वचा के लिए बहुत फायदेमंद होते हैं.



आपको बता दें, टमाटर में ऐसी खटास होती है जो आपकी त्वचा के रोमछिद्रों को खोलने में मददगार होती है और मुंहासों के इलाज में मदद करती है. टमाटर का इस्तेमाल हेल्दी स्किन सेल्स को प्रदूषित करने वाले फ्री रेडिकल्स को हटाने के लिए भी किया जा सकता है. बहुत से लोग अपनी बिजी लाइफस्टाइल के कारण त्वचा की देखभाल पर ध्यान नहीं देते हैं. ऐसे लोगों के लिए घर पर टमाटर का फेस पैक बनाना बहुत आसान है. चेहरे पर काले धब्बे, पिगमेंटेशन, झुर्रियां और एक्स्ट्रा ऑयल को हटाने के लिए यह एक बेहतर उपाय है. टमाटर स्किन को जवां बनाए रखने में भी कारगर है.

रिपोर्ट के अनुसार, त्वचा की देखभाल के लिए टमाटर का इस्तेमाल करने के कुछ तरीके इस प्रकार हैं...

1.इसके लिए सबसे पहले एक ताजे टमाटर को आधा काट लें और फिर इसे अपनी त्वचा पर हल्के हाथों से मसाज करें. 15 से 20 मिनट बाद इसे धो लें. ऐसा करने से स्किन पिगमेंटेशन दूर करने में मदद मिलेगी.

2.दूसरा तरीका यह है कि एक टमाटर लें और उसे अच्छी तरह से मैश करें और उसमें एक बड़ा चम्मच दही मिलाएं. इसे अच्छी तरह से मिलाएं और अपने चेहरे पर लगाएं. 15 मिनट बाद इसे गुनगुने पानी से धो लें. यह मुहांसों को रोकने के लिए एक बेहतरीन मास्क है.

3.वहीं, तीसरा तरीका यह है कि 2 से 3 चम्मच टमाटर की प्यूरी लें और इसमें 1 चम्मच नींबू का रस डालें और मिला लें. अब इस मिश्रण को त्वचा पर लगाकर 10 से 15 मिनट बाद धो लें. यह स्किन पर काले धब्बे और पिगमेंटेशन को हटाने और त्वचा को चमकदार बनाने में मदद करेगा.

4.चौथा तरीका यह है कि एक टमाटर को पीसकर मुलायम पेस्ट बना लें. इसमें आधा चम्मच हल्दी पाउडर डालें और मिला लें. इस मिश्रण को अपने चेहरे पर लगाएं और 15 मिनट बाद धो लें. यह मास्क त्वचा की सूजन और रंग परिवर्तन जैसी समस्याओं को दूर करने में प्रभावी है. यह सूर्य की रोशनी से होने वाली त्वचा की क्षति की मरम्मत में भी मदद करेगा.

5.पांचवा तरीका यह है कि एक टमाटर को आधा काटें और उसपर थोड़ा चीनी छिड़क दें. आप इसका उपयोग अपने चेहरे और गर्दन पर तीन मिनट तक गोलाकार गति में धीरे-धीरे मालिश करने के लिए कर सकते हैं. फिर इसे ठंडे पानी से धो लें. यह डेड स्किन सेल्स को हटाने और त्वचा को नरम बनाने के लिए सबसे अच्छा है. ऐसा करना भी चेहरे की चमक बढ़ाने में कारगर है.

# अगर आपको भी बार-बार आती है जम्हाई, तो ना करें इग्नोर हो सकती है कोई बड़ी बीमारी



जम्हाई हर किसी को आती है. जिसको लोग नजरअंदाज कर देते हैं. यह सोचकर की यह नींद या आलस की वजह से आ रही होगी, लेकिन ऐसा नहीं होता है. बार-बार जम्हाई आना किसी गंभीर बीमारी का संकेत हो सकता है. आमतौर पर जम्हाई तब होती है जब शरीर को आराम चाहिए होता है या जब ब्रेन को ऑक्सीजन कम मिल रही होती है. लेकिन अगर आप बिना किसी थकान या नींद की कमी के लगातार जम्हाई ले रहे हैं, तो आपको इग्नोर नहीं करना चाहिए.

### स्लीप डिसऑर्डर

रिपोर्ट के मुताबिक जम्हाई लेना नींद की कमी और स्लीप डिसऑर्डर का संकेत हो सकता है. दिन में बहुत ज्यादा नींद आना यानी एक्सेसिव डे टाइम स्लीपीनेस सिर्फ आलस नहीं ड्राइविंग एक्सीडेंट, काम की गलतियों, मानसिक समस्याओं और लंबे समय तक होने वाली बीमारियों की भी वजह बन सकता है.

बीमारियां

ब्रेन ट्यूमर

एक्सपर्ट्स के मुताबिक बार-बार जम्हाई आना कभी-कभी ब्रेन ट्यूमर, स्ट्रोक या मल्टीपल स्केलेरोसिस जैसी बीमारियों का साइलेंट सिम्प्टम हो सकता है.

### हार्ट

रिपोर्ट्स के मुताबिक ज्यादा जम्हाई आना हार्ट अटैक या ब्लड सर्कुलेशन की प्रॉब्लम से भी जुड़ा हो सकता है.

### शरीर के तापमान

शरीर के तापमान को कंट्रोल करने में दिक्कत होने पर भी बार-बार जम्हाई आ सकती है. यह न्यूरोलॉजिकल गड़बड़ी का संकेत हो सकता है.

इन बातों का रखें ध्यान, जम्हाई के साथ चक्कर आना, याददाश्त में कमी, हाथ-पैर सुन्न होना, तेज़ सिरदर्द या ब्लर विज़न, दिल की धड़कन तेज़ होना

**क्या करें** :- नींद पूरी लें, कम से कम 7-8 घंटे, स्ट्रेस को कम करें, रोजाना फिज़िकल एक्टिविटी करें, स्क्रीन टाइम कम करें, अगर लक्षण लगातार बने रहें, तो जल्द से जल्द न्यूरोलॉजिस्ट या कार्डियोलॉजिस्ट से सलाह लें.

# गर्मी में शहर में पेयजल सप्लाई के लिए हुआ मंथन बनी कार्ययोजना, अनेक विकल्प तैयार किए

### . विधायक डॉ सीतासरन शर्मा ने रेस्ट हाउस में नपाध्यक्ष व अधिकारियों के साथ की बैठक



इटारसी। नर्मदापुरम (निप्र)। गर्मी में इटारसी शहर के नागरिकों के लिए पेयजल की समस्या न हो इसलिए विधायक डॉ सीतासरन शर्मा ने रेस्ट हाउस में नपाध्यक्ष पंकज चौरे व अधिकारियों के साथ मंथन किया। बैठक में एसडीएम टी प्रतीक राव, भाजपा पिछड वर्ग मोर्चा जिला अध्यक्ष जयकिशोर चौधरी, जलकार्य सभापति श्रीमती गीता देवेंद्र पटेल, सभापति राकेश जाधव, भाजपा मंडल अध्यक्ष इटारसी राहुल चौरे, पुरानी इटारसी मंडल अध्यक्ष मयंक मेहतो, विधायक प्रतिनिधि देवेंद्र पटेल सहित बिजली कंपनी सिंचाई विभाग नगरपालिका के अधिकारी मौजूद रहे। नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने बताया कि बैठक में विधायक डॉ सीतासरन शर्मा ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि गर्मी में शहर के प्रत्येक हिस्से में पानी की किल्लत न हो, चाहे इसके लिए कोई भी जतन करने पडें। श्री चौरे ने कहा कि बैठक में तय हुआ कि बिजली कंपनी मेंटनेस के लिए जहां भी बिजली कटौती करेगी उसके पहले नगरपालिका से समन्वय करेगी और नपा की पानी सप्लाई के समय में कटौती नहीं करेगी। इसके अलावा जिन भी स्थानों पर बिजली कंपनी थ्री फेस और टू फेस लाइन बदलेगी वहां पर नपा को सूचना देगी। उन्होंने बताया कि अभी बिजली कंपनी फेस बदल देती है, जिससे जानकारी के अभाव में जब नपा टयूबवेल चालू करती है तो मोटर जल जाती हैं। इसके अलावा बैठक में सिंचाई विभाग के अधिकारियों के साथ तय हुआ कि जरुरत पडने पर खेडा स्थित नहर से नपा पानी लेगी। नपा नहर से संपवेल तक पानी पहुंचाएगी और वहां उसे ट्रीटमेंट करके शहर में सप्लाई करेगी। इसके लिए सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने कहा कि जब तक नहर चल रही है तब तक नपा पानी ले सकती है। वहीं रक्षा विभाग के सीपीई में पानी का संकट उत्पन्न होने पर पथरौटा बडी नहर से पानी लिए जाने पर भी सहमति बनी है।

#### यह भी करेगी नपा

नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने बताया कि शहर में पेयजल के लिए 20 टैंकर से पानी सप्लाई किया जाएगा। इसके लिए टैंकर व टैक्टर किराए पर ले रहे हैं।

## काव्य महोत्सव व सम्मान समारोह कल

नर्मदापुरम (निप्र)। साहित्य एवं समाज को समर्पित व्यक्तित्व केप्टिन किशोर करैया के जन्म दिवस के अवसर पर सुविख्यात साहित्यविद एवं सहित्यकारों की उपस्थिति मे काव्य महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। डॉ हरिओम दीक्षित ने बताया की 20 अप्रैल रविवार 2 बजे से होटल वल्लभ विलास पैलेस एसपीआफिस के पास नर्मदापुरम में वरिष्ठ सहित्यकारों में ऋषि श्रृंगारी, दिनेश प्रभात भोपाल, नगर गिरिमोहन गुरु, शास्त्री नित्यगोपाल कटारे, डॉ संतोष व्यास, नर्मदापुरम, संगीता सरल भोपाल की गरिमामय उपस्थिति में नगर सहित मप्र के अन्य अनेक कविगण काव्य पाठ करेंगे। युवा कवि नवीन हरियले ने बताया की नर्मदा आव्हान सेवा समिति के संयोजक कैप्टन करैया ने समूचे देश में साहित्यिक आयोजन कर परचम लहराया है। नवोदित कवियों को स्थान देने की पहल की है। आयोजन समिति के सावन कुमार और रामेश्वर यादव ने बताया की नि:संदेह वरिष्ठ कवियों की उपस्थिति से आयोजन गरिमामय होगा। इस अवसर मध्य भारत ही नहीं बल्कि सम्पूर्ण भारत के सुप्रसिद्ध साहित्यिक प्रेरक किशोर करैया केप्टिन का साहित्यकारों व्दारा सम्मान किया जाएगा।

## एसडीएम सोहागपुर अनिल जैन ने किया करनपुर के उपार्जन केन्द्रों का निरीक्षण



नर्मदापुरम(निप्र)। कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना के निर्देशानुसार जिले में रबी उपार्जन कार्य सतत रूप से जारी है। कलेक्टर द्वारा सभी अनुविभागीय अधिकारियों को उपार्जन केन्द्रों का नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि उपार्जन कार्य में पारदर्शिता एवं सुचारु संचालन सुनिश्चित किया जा सके।इसी क्रम में सोहागपुर तहसील में चल रही गेहूं उपार्जन प्रक्रिया के अंतर्गत अनुविभागीय अधिकारी सोहागपुर अनिल जैन द्वारा ग्राम करनपुर स्थित रघुवंशी वेयरहाउस एवं मधुबन वेयरहाउस का निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान एसडीएम श्री जैन ने उपार्जित गेहूं की गुणवत्ता, तौल प्रक्रिया, उपार्जन के पश्चात परिवहन एवं भंडारण व्यवस्था की गहन समीक्षा की। उन्होंने उपार्जन केन्द्रों पर किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इस हेतु आवश्यक निर्देश संबंधित अधिकारियों एवं समिति प्रबंधकों को दिए।एसडीएम श्री जैन ने यह भी सुनिश्चित किया कि केंद्रों पर सभी व्यवस्थाएं नियमानुसार संचालित हों तथा किसानों से समय पर फसल उपार्जन कर नियमानुसार भुगतान की प्रक्रिया पूरी की जाए।

## श्रीमद्भागवत कथा के पाँचवे दिन बाल रुप में श्रीकृष्ण की लीलाओं का मनोहारी वर्णन

### पूतना वध से लेकर माखन चोरी तक की कथाओं ने मोहा श्रोताओं का मन

नर्मदापुरम (निप्र)। कोठी बाजार स्थित माँ आदि शक्ति मंदिर प्रांगण में जारी श्रीमद्भागवत कथा के पाँचवे दिन श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का भावपूर्ण और आनंददायक वर्णन हुआ। कथा वाचक पं सद्भव तिवारी ने पूतना वध, शकटासुर वध, त्रिणावर्त वध, नंद बाबा की वापसी और श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का मनोहारी चित्रण किया। कथा में जैसे ही पूतना वध और श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन हुआ, श्रोता भावविभोर हो गए। मक्खन चोरी, ग्वाल बालों के साथ लीलाएं और यशोदा माँ की ममता से जुड़ी कथाओं ने माहौल को आनंद और भक्ति से भर दिया। कथा में भारी संख्या में श्रद्धालू गण उपस्थित हो रहे हैं। संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के दौरान भजनों की प्रस्तुति पर अनेक दर्शक नृत्य करने पर विवश हो रहे हैं।

## केंद्रीय जेल के कैदियों को प्रदान की संगीत सामग्री

नर्मदापुरम (निप्र)। श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर शहर के समाजसेवियों ने केंद्रीय जेल के धार्मिक आयोजन में सहभागिता निभाई थी। उस समय वहाँ के कैदियों द्वारा संगीत की शानदार प्रस्तुति देख कर समाजसेवी पियूष शर्मा व उनके सहयोगियों का मन आनंदित हो गया था। तभी उन्हें लगा था कि इन कैदियों को आवश्यकतानुसार संगीत सामग्री उपलब्ध कराई जाना चाहिए। उस बात को ध्यान में रखते हुए समाजसेवियों ने जेल अधीक्षक श्री सोलंकी के माध्यम से जेल के बंदियों को संगीत सामग्री प्रदान की गई। इस दौरान प्रदेश तैराकी संघ के अध्यक्ष समाजसेवी पियूष शर्मा के साथ ही लोकेश तिवारी, घनेद्र राणे, अनुराग तिवारी,प्रशांत तिवारी उपस्थित रहे।

## आज होगी भगवान श्री परशुरामजी प्रकटोत्सव की तैयारी हेतु बैठक

नर्मदापुरम (निप्र)। 11 अप्रैल को हुई बैठक में लिए गए निर्णयानुसार भगवान श्री परशुराम प्रकटोत्सव समिति सर्व ब्राह्मण समाज नर्मदापुरम के द्वारा पूर्व वर्षो की तरह इस वर्ष भी भगवान परशुराम का प्रकटोत्सव मनाए जाने के लिए समिति की बैठक का आयोजन आज 19 अप्रेल को शाम 5 बजे..गीता मेरिज पैलेस आई टी आई रोड नर्मदापुरम में आयोजित की जा रही है। तदनुसार भगवान श्री परशुराम जी के प्रकटोत्सव के उपलक्ष्य में 29 व 30 अप्रेल को आयोजित शोभायात्रा एवं अभिषेक की तैयारी को लेकर बैठक व आयोजन समिति के दायित्व दिए जाने हैं। समिति के सभी सदस्यों ने समस्त विप्र बन्धु एवं वहिनों को आमंत्रित किया है।

## वक्फ बोर्ड संशोधन बिल पर संगोष्ठी एवं जन जागरण अभियान चलाएगा

नर्मदापुरम (निप्र)।वक्फ बोर्ड संशोधन बिल को लेकर आगामी संगोष्ठी एवं जन जागरण अभियान की तैयारियों के संबंध में शुक्रवार को भाजपा जिला कार्यालय नर्मदापुरम में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष श्रीमती प्रीति शुक्ला ने की। बैठक में जिला अध्यक्ष श्रीमती प्रीति शुक्ला ने वक्फ सुधार जनजागरण अभियान के तहत जिला समिति की घोषणा की गई। जिला समिति में संयोजक अजय प्रकाश श्रीवास्तवए सह संयोजक अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष जान मोहम्मद मंसूरी आमीन राईन एवं यूसुफ बैग को नियुक्त किया है।

इस अवसर पर विशेष रूप से पूर्व जिला अध्यक्ष माधवदास अग्रवालए जिला महामंत्री प्रसन्न हर्णे, मुकेश चंद्र मैना, जिला उपाध्यक्ष राजेश तिवारी, जिला मंत्री ज्योति चौरे, जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा जान मोहम्मद मंसूरी, अजय श्रीवास्तव, अमीन राईन, जिला महामंत्री मजीद खान, मंडल अध्यक्ष अल्ताफ अली, आमिर पठान, हिना अली, परवीन बेग, साइन अली एवं सलीक खान, अनिल आर्य, बिन्दिया मांझी, पूरम मेषकर, विनोद बारसे, संदीप सोनकर उपस्थित थे।

## स्वस्थ गांव, समृद्ध समाज के तहत ट्राइडेंट ग्रुप द्वारा नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर आज

नर्मदापुरम (निप्र)। ट्राइडेंट ग्रुप की सीएसआर इकाई के अंतर्गत हेल्थ ऑन व्हील मोबाइल एम्बुलेंस द्वारा परियोजना की शुरूआत मधुबन अस्पताल ट्राइडेंट ह्यूमैनिटी फाउंडेशन की इकाई के सहयोग से किया जा रहा है। इस पहल के तहत नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। महुकला गांव में आज 19 अप्रैल को सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक.नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन टीम द्वारा बताया गया कि शिविर में उपलब्ध नि:शुल्क सेवाओं के अंतर्गत अनुभवी डॉक्टरों द्वारा स्वास्थ्य प्रशिक्षण एवम परामर्श दिया जाएगा। साथ ही बीपी शुगर और एचबी; हीमोग्लोबिन की जांच होगी। इसके अलावा दवाईयों का वितरण, गंभीर मामलों के लिए रेफर एवं मोबाइल एम्बुलेंस की सुविधा रहेगी। ट्राइडेंट ह्यूमैनिटी फाउंडेशन के सदस्यों का कहन है कि एक स्वस्थ गांव की दिशा में यह कदम मिलकर बढ़ाएं। खुद भी आएं और अपनों को भी साथ लाएं।

# नगरीय क्षेत्र से अवैध अतिक्रमण हटाए जाने के लिए सिटी मजिस्ट्रेट ने गठित किया दल



नर्मदापुरम (निप्र) कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना द्वारा नर्मदापुरम नगर क्षेत्र में अवैध अतिक्रमणों को हटाने के लिए अभियान मोड में सघन कार्यवाही किए जाने के लिए निर्देशित किया गया है। तत्संबंध में सिटी मजिस्ट्रेट बृजेंद्र रावत द्वारा अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध कार्यवाही किए जाने के लिए एक विशेष दल का गठन किया गया है। उक्ताशय में श्री रावत द्वारा शुक्रवार को आयोजित बैठक में इस अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित किए जाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए। सिटी मजिस्ट्रेट श्री रावत ने मुख्य नगरपालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद नर्मदापुरम को निर्देशित किया कि शहरी क्षेत्र में विधिवत अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही प्रारंभ की जाए और प्रतिदिन की गई कार्यवाही की जानकारी नियमित रूप से प्रस्तुत की जाए। उन्होंने तहसीलदार नगर नर्मदापुरम को निर्देशित किया कि संबंधित क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने के समय वहां के राजस्व निरीक्षक एवं नगर सर्वेक्षक की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए, जिससे मौके पर आवश्यक सहयोग प्राप्त हो सके। साथ ही, नगर निरीक्षक कोतवाली, नगर निरीक्षक देहात, थाना प्रभारी पुलिस यातायात नर्मदापुरम को निर्देशित किया गया है कि मुख्य नगरपालिका अधिकारी द्वारा मांग किए जाने पर पर्याप्त पुलिस बल उपलब्ध कराएं, ताकि अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही सुचारू रूप से संपन्न की जा सके। इस दौरान उन्होंने स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि अतिक्रमण हटाने के लिए गठित दल द्वारा बाजार क्षेत्र में दुकानों के सामने अवैध रूप से रखा गया सामान जिससे यातायात प्रभावित होता है तथा ऐसे चार पहिया एवं दुपहिया वाहन जो की अनियमित तरीके से सड़कों पर पार्क किए जाते हैं उन पर जब्ती की कार्यवाही भी सुनिश्चित की जाए। बैठक के दौरान तहसीलदार नगर नर्मदापुरम देवशंकर धुर्वे सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# रंगोली के रंगों में छलका जल संरक्षण का संदेश

### टैगोर पब्लिक स्कूल में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत रंगोली प्रतियोगिता का सफल आयोजन



नर्मदापुरम (निप्र)। जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत रिलाएबल सोशल वेलफेयर सोसायटी एवं मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के संयुक्त तत्वावधान में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन टैगोर पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य जल संरक्षण के प्रति जन जागरूकता फैलाना था। प्रतियोगिता में स्कूली बच्चों से लेकर गृहिणियों तक ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रतिभागियों ने रंगोली के माध्यम से जल संरक्षण का संदेश प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया।

इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में डिप्टी कलेक्टर जय सोलंकी उपस्थित रहे। उन्होंने सभी रंगोलियों को देखा, कलाकारों से उनके चित्रों का अर्थ समझा और उनके प्रयासों की सराहना की। उन्होंने उपस्थित जनों को जल बचाने व जल स्रोतों को स्वच्छ रखने की शपथ दिलाई और इस दिशा में सतत प्रयास करने का आग्रह किया।प्रतियोगिता में रुचि अजय बाथव को प्रथम पुरस्कार (रु. 2100) प्राप्त हुआ, जिसे रिलाएबल सोसायटी के अध्यक्ष डॉ. विशाल सिंह बघेल द्वारा प्रदान किया गया। द्वितीय पुरस्कार (रु. 1500) पूर्वी महेंद्र लौवंशी एवं टिशा राजेंद्र विश्वकर्मा को मिला, जो लक्ष्मी समाज कल्याण समिति की अध्यक्ष सुगना लौवंशी द्वारा वितरित किया गया। इसके अतिरिक्त तीन श्रेष्ठ प्रतिभागियों को रु. 1100-1100 के पुरस्कार प्रदान किए गए, जो पार्षद किरण शिव राठौर, टैगोर स्कूल की संचालक दीपाली प्रवीण अवस्थी एवं जनपद सदस्य राधा हंस कुमार बरकुड़ द्वारा दिए गए। निर्णायक मंडल में बीआरसी संगीता यादव, नेहा रघुवंशी एवं शीतल राजपूत शामिल रहीं। अन्य विजेताओं में तनीषा, मृत्युंजय, सरला, प्रतिमा नर्मदा प्रसाद लौवंशी, नैंसी, दिनेश बाथव, एवं संतोषी सुनील गौर ने स्थान प्राप्त किया।

कार्यक्रम में जन अभियान परिषद के विकासखंड समन्वयक हरिदास दायमा, परामर्शदाता ईश्वर विश्नोई, प्रवीण अवस्थी, रिलाएबल सोसायटी से देशबंधु मराठा, विवेक योगी, तथा सीएमसीएलडीपी के विद्यार्थी अक्षय दामड़े व आदर्श सोनी की विशेष उपस्थिति रही।

## आंगनबाड़ी केंद्रों के संचालन समय में हुआ परिवर्तन

### प्रातः 08 बजे से शाम 03 बजे तक किया गया समय निर्धारित

नर्मदापुरम (निप्र)। मध्यप्रदेश शासन, महिला एवं बाल विकास विभाग, मंत्रालय वल्लभ भवन, भोपाल के निर्देशानुसार आंगनबाड़ी केंद्रों के संचालन समय में परिवर्तन किया गया है। नवीन आदेश के अनुसार, अब आंगनबाड़ी केंद्र 30 जून तक प्रात: 08:00 बजे से सायं 03:00 बजे तक संचालित किए जाएंगे। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग नर्मदापुरम ललित डेहरिया ने बताया कि संशोधित समय सारणी के अनुसार प्रात: 08 बजे से आंगनवाड़ी खोलना तथा बच्चों का स्वागत करना, निर्मल समय बच्चों की साफ-सफाई का अवलोकन तथा आवश्यकतानुसार बच्चों की व्यक्तिगत साफ-सफाई गतिविधियां आयोजित की जाएगी। इसी प्रकार प्रात: 8:30 बजे से 9:00 तक सामूहिक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा, प्रात: 9:00 बजे से 9:30 बजे तक बच्चों को नाश्ता दिया जाएगा, प्रात: 9:30 बजे से 10:00 बजे तक बच्चों के द्वारा स्वतंत्र खेल, प्रात: 10:00 बजे से 10:30 बजे तक छोटे समूह की गतिविधियों का आयोजन, प्रात: 10:30 बजे से 11:00 बजे तक भाषा एवं साक्षरता पूर्व कौशल गतिविधियों का आयोजन, प्रात: 11:00 बजे से 11:30 बजे तक रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन, प्रात: 11:30 बजे से 12:00 बजे तक बाहरी खेल गतिविधियों का आयोजन, दोपहर 12:00 बजे से 01:00 बजे तक भोजन एवं बच्चों को उनके गंतव्य (अभिभावको) तक पहुंचाया जाएगा। इसी प्रकार दोपहर 01:00 बजे से 02:30 बजे तक थर्ड मील-रोजाना, पूरक पोषण आहार, पोषण परामर्श-नियत दिवस, मंगल दिवस-नियत दिवस, वृद्धि निगरानी-नियत दिवस, सबला/किशोरी बालिका योजनांतर्गत परामर्श-नियत दिवस, गृह भेंट-नियत दिवस आदि गतिविधियां आयोजित की जाएगी। दोपहर 2:30 बजे से लेकर 3:00 बजे तक का समय रिकॉर्ड संधारण के लिए निर्धारित किया गया है।

## पोषण अभियान अंतर्गत सातवें पोषण पखवाड़ा अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का हो रहा है आयोजन



नर्मदापुरम (निप्र)। संचालनालय महिला एवं बाल विभाग से प्राप्त निर्देश अनुसार कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी ललित डेहरिया के मार्गदर्शन में आंगनबाड़ी केंद्रों में पोषण अभियान अंतर्गत सातवे पोषण पखवाड़ा अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन हो रहा है। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा सातवां पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम दिनांक 8 अप्रैल 2025 से 22 अप्रैल 2025 तक निम्नानुसार थीम पर केंद्रित गतिविधियां आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं-

1. जीवन के प्रथम 1000 दिवस केंद्रित गतिविधियां
2. पोषण ट्रैकर में हितग्राही मॉड्यूल को लोकप्रिय बनाने हेतु व्यापक प्रचार प्रसार 3. समुदाय आधारित पोषण प्रबंध मॉड्यूल से कुपोषण का प्रबंधन 4. बच्चों में मोटापे को दूर करने के लिए स्वस्थ जीवनशैली अपनाने पर बलउक्त थीम अनुसार विभिन्न गतिविधियां जैसे गोद भराई कार्यक्रम, रैली का आयोजन, अन्नप्राशन कार्यक्रम, बच्चों का शारीरिक माप दिवसों का आयोजन, पोषण थाली का प्रदर्शन, छूटे हुए हितग्राहियों का पोषण ट्रैक्टर में पंजीयन आदि गतिविधियां आंगनबाड़ी केंद्रों पर आयोजित की जा रही है।

## जल संरक्षण की ओर एक सार्थक कदमरेनवाटर हार्वेस्टिंग एवं पौधारोपण हेतु औद्योगिक इकाइयों को किया गया प्रेरित

नर्मदापुरम (निप्र)। जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत आज औद्योगिक क्षेत्र इटारसी की विभिन्न इकाइयों को रेन वाटर हार्वेस्टिंग एवं पौधारोपण के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर उद्योग संघ इटारसी के अध्यक्ष मोहन खंडेलवाल विशेष रूप से उपस्थित रहे और उन्होंने जल संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी औद्योगिक संस्थानों से इस दिशा में सक्रिय भागीदारी का आग्रह किया।

## जल संरक्षण को लेकर छात्र-छात्राओं ने प्रस्तुत किया प्रभावी मॉडल

### वर्षा जल संचयन और उपयोग के उपायों को जनमानस के बीच किया प्रदर्शित

नर्मदापुरम (निप्र)। मप्र जन अभियान परिषद, सोहागपुर के विकासखंड समन्वयक किशोर कड़ोले के मार्गदर्शन एवं परामर्श से छात्र-छात्राओं द्वारा जल संरक्षण पर आधारित एक मॉडल तैयार किया गया। इस कार्य में मेंटोर निशा चौरसिया एवं उनकी टीम का विशेष सहयोग रहा।

उक्त मॉडल के माध्यम से ग्राम नगर क्षेत्र में लोगों को जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत वर्षा जल के संरक्षण और उसके पुन: उपयोग के महत्व को समझाया गया। मॉडल में दर्शाया गया कि किस प्रकार छोटे-छोटे प्रयासों से हम वर्षा के जल को धरती के भीतर पुन: पहुंचाकर जल स्रोतों को पुनर्जीवित कर सकते हैं। इस मॉडल के माध्यम से यह भी समझाया गया कि वर्षा जल का शुद्धिकरण कर उसका उपयोग पेड़-पौधों, सब्जियों की खेती एवं घरेलू जरूरतों के लिए किया जा सकता है। यदि 1000 में से केवल 500 लोग भी यह प्रक्रिया अपनाते हैं, तो किसी भी शहर या ग्राम में कम से कम 10 कुएं पुन: जीवित किए जा सकते हैं।


## कार्यालय कार्यपालन यंत्री
## लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड़ नर्मदापुरम

दूरभाष क्रमांक 07574-253119

Email Address - eephedhos@mp.nic.in

:: निविदा आमंत्रण सूचना ::

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा आनलाईन वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र ऑनलाईन क्रय एवं ऑनलाईन प्रस्तुत किये जावेंगे। ऑनलाईन वित्तीय ऑफर दिनांक 28.04.2025 शाम 17.00 बजे तक प्रस्तुत किये जा सकते है। निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाईट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी वेबसाईट पर देखी जा सकती है।

| निविदा सूचना क्रमांक | ई-टेण्डर क्रमांक | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (PAC) (रू.में) | धरोहर राशि (e-EMD) (रू.में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू.में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01/25-26 Date 14-04-2025 | 2025_PHED_416711_11 | Hiring of 01 no. inspection vehicle (A.C.)(Diesel Car/Jeep of Ex. Show room price upto Rs. 6.50 Lacs)for handpumps, water supply schemes and other govt. works in rural areas under Superintending Engineer, Public Health Engineering Department, Narmadapuram Circle, Narmadapuram for one year | 216000/- | 4320/- | 2000/- | 365 दिवस (वर्षा काल सहित) | - |

जी/11686/25

हेलमेट पहनकर वाहन चलायें,अपनी व दूसरों की जान बचायें

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
नर्मदापुरम


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक एव ब्यूरों प्रमुख श्री कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं. 21, सेक्टर-एच, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा ''शिवरानी भवन'', क्षितिज किरण स्ट्रीट, कोठी बाजार, नर्मदापुरम (होशंगाबाद) से प्रकाशित।
स्थानीय ब्यूरों प्रमुख श्री बलराम शर्मा सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो. 9425025999 (नर्मदापुरम मो. 9926434695) ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com